पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 11 ◆ रायपुर 05 दिसंबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई - मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नक्सल परिदृश्य पर बड़ी समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयासों के मूल्यांकन और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उसी दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल आत्मसमर्पण के लिए जनजागरूकता अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। बस्तर क्षेत्र के लोग अब नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की ओर बढ़ना चाहते हैं, जिसकी झलक हाल ही में संपन्न बस्तर ओलंपिक में भी दिखी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 मकानों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलवाद मुक्त होगा। सरकार की प्राथमिकता स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने और विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करने की है।

### रायगढ़ जिले को 137.55 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही किया पूरा : सीएम साय

### जनादेश दिवस : प्रदेश की महिलाओं को मिली महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त

रायपुर। हमारी 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की स्नेह राशि की दसवीं किश्त हमने आपके खाते में आज अंतरित कर दी है। हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है।











हमारी माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक हमारा सबसे बड़ा संतोष है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले में लगभग 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दानसरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की माताओं और बहनों ने सोचा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीरामलला का मंदिर बना है। हम भी गांव के हनुमान मंदिर के बगल में रामलला का मंदिर बनाएं। इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिली राशि से चंदा कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया। माताओं-बहनों के सपने देखने और इनके पूरे होने की कितनी ही कहानियां हैं। मैं अक्सर माताओं-बहनों से इस बारे में पूछता हूँ और हर बार उनकी बातें मेरे दिल को छू जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मैं रायपुर में पीएससी परीक्षा के टापर्स से मिला। उन युवाओं के आंखों में भरोसे की चमक थी। उन्होंने मुझे बताया कि पीएससी परीक्षा में गड़बड़ियां होने की वजह से उनका भरोसा टूट गया था लेकिन जब हमारी सरकार आई तब हमने पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता के लिए कार्य किया। प्रतियोगी परीक्षा में किये गये भ्रष्टाचार से एक प्रतिभाशाली युवा का भविष्य तो बर्बाद होता ही है सिविल सेवा के ढांचे को भी दीमक लग जाता है। भ्रष्टाचार की जांच के लिए हमने सीबीआई को जिम्मा दिया तो उनका भरोसा फिर लौटा। आज हमने 42 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भी भूमिपूजन किया है, जिससे पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा। हम प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में राजधानी रायपुर के नालंदा की तरह लाइब्रेरी आरंभ कर रहे हैं। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा। वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा।

# निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ में खुला रेड कारपेट: मुख्यमंत्री

**नई औद्योगिक नीति** — मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास नीति के संबंध में स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप को किया सम्बोधित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नए नए उद्योगों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां मिनरल्स का विपुल भंडार है, अनुकूल औद्योगिक वातावरण है, साथ ही उद्योग और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा कर राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तैयार की गई है।





### 27 बड़े औद्योगिक समूहों को 32 हजार 225 करोड़ रुपए के नवीन पूंजी निवेश के लिए प्रदान किए गए 'इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर'

इस नवीन नीति में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई औद्योगिक नीति के रूप में निवेशकों के लिए रेड कारपेट छत्तीसगढ़ में खुला है। निवेश की जटिलताएं अब छत्तीसगढ़ में नहीं रही। सिंगल विंडो सिस्टम ने सब कुछ बहुत सरल कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से "छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम (स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप)" को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। इसके लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना होगा। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। छत्तीसगढ़ के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देते हुए छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# रोहरा, तरेंगा एवं कोदवा में 70 करोड़ रूपये के विद्युत केन्द्र स्वीकृत कराये शिवरतन शर्मा ने, क्षेत्र के ग्रामीणों ने जताया आभार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता एवं प्रयास से क्षेत्र को लगातार विकास की सौगात मिल रहीं है एक लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र मे व्याप्त विद्युत समस्या से निजात दिलाते हुये शर्मा ने 70 करोड़ रूपये के नवीन विद्युत उपकेन्द्र बनाने के लिये राज्य शासन से स्वीकृति प्राप्त की है। जिसमे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोहरा मे अति उच्चदाब विद्युत उपकेन्द्र 132÷33 केव्ही केन्द्र का निर्माण लगभग 65 करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा। इसी तरह मुख्यमंत्री उर्जा अधोसंरचना योजना अंतर्गत ग्राम कोदवा एवं ग्राम तरेंगा मे 33÷11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिये लगभग 5 करोड़




रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। लंबी दूरी की लाईन होने के कारण विद्युत प्रदाय व्यवस्था के दौरान अक्सर तार टूटकर गिरते रहते है और लाईन ब्रेक डाउन मे रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्र मे आये दिन विद्युत प्रदाय बाधित रहता है इसको ध्यान मे रख शिवरतन शर्मा ने उपरोक्त गांव मे विद्युत उपकेन्द्र कार्य के लिये स्वीकृति राज्य शासन से दिलाई है जिसके फ लस्वरूप अब रोहरा, कोदवा एवं तरेंगा गांव मे निर्बाध रूप से ग्रामीणों को बिजली मिल सकेगी। वहीं आस पास के गांव मे भी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मे सुधार होगा। नये उपकेन्द्र के बन जाने से एक ओर जहां विद्युत व्यवस्था मे बेहतर सुधार के साथ लगातार विद्युत प्रदाय किया जा सकेगा वहीं इसका लाभ किसानो एवं आम जनता को पर्याप्त रूप से मिल सकेगा। उपरोक्त स्वीकृति पर शिवरतन शर्मा ने कहा है कि भाटापारा शहर के विद्युत व्यवस्था को सुधार करने के दृष्टिकोण के साथ साथ भाटापारा एवं सिमगा ब्लाक के लगभग 60 से 70 गांव की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा व ब्रेक डाउन की स्थिति मे कम समय मे भी विद्युत प्रदाय व्यवस्था जल्दी चालू हो सकेगी।

रबी एवं खरीफ के मौसम मे किसानो को उच्च गुणवत्ता युक्त विद्युत प्रदाय मिलने से अनेक गांव की लो वोल्टेज की समस्या से भी ग्रामीणों को छुटकारा मिल सकेगा। उक्त कार्य स्वीकृति के लिये शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट किया है। यह विदित रहे कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मे सरकार बनने के महज 11 महीने के भीतर शिवरतन शर्मा ने अपने जागरूकता का परिचय देते हुये क्षेत्र के विकास के लिये लगभग 150 करोड़ रूपये की राशि के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत कराये है। शर्मा के उक्त महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृति पर भाजपा नेता राकेश तिवारी, सुनील यदू, महाबल बघेल, हेमसिंग चैहान, आशीष जायसवाल, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, सलीम खान, आयशा खान, पवन वर्मा, धनीराम साहू, अनिल पांडे व अभिजीत अवस्थी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

# भाजपा शासन में किसानों के साथ छलावा - विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने लगातार मिल रहीं शिकायतो के बीच आज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दामाखेड़ा एवं तुलसी के धान खरीदी केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि वहां पर हमाल किसानो से धान सूखत के नाम पर किसानो की उपज से दो से तीन सौ ग्राम ज्यादा धान तौलकर कांटामारी का खेल खेल रहे थे जिस पर इंद्र साव ने प्रबंधको को तलब करते हुये निर्देश दिये कि किसानो के धान किसी भी हालत मे ज्यादा नहीं तौला जाना चाहिये जो वास्तिविक वजन है वहीं तौले जाये। विधायक साव का कहना है कि लगभग सभी धान खरीदी केन्द्रो मे निर्धारित वजन से अधिक मात्रा मे धान तौलने की लगातार शिकायतें मिल रहीं है और अपने प्रवास मे उन्होने आज इस बात की सत्यता को भी परखकर अव्यवस्था व भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है इस संबंध मे इंद्र साव ने उच्चाधिकारियों से बात भी की साव ने कहा है कि किसानो के द्वारा टोकन नहीं मिलने की बात भी उन्हे बताई गई वहीं अनेक किसानो ने विधायक के सामने कहा कि पूर्व की तुलना मे उनसे इस बार कम धान की खरीदी की जा रहीं है किसी का रकबा शून्य दिख रहा है तो किसी को अन्य प्रकार की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रबंधको से जानकारी मांगने पर प्रबंधको ने बताया कि बोरो की कमी से जूझना पड़ रहा है वहीं अनेक किसानो ने विधायक को बताया कि वे अपने बोरे मे हीं धान बेच रहे है। विधायक ने भाजपा शासन काल मे धान खरीदी मे अव्यवस्था पर रोष जाहिर करते हुये कहा कि संग्रहण केन्द्र के बाहर 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल मे धान खरीदी का विज्ञापन सरकार कर रहीं है वहीं 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जा रहा है इस प्रकार चुनाव के समय मोदी की गारंटी का नारा देने वाली सरकार जनता के साथ छलावा कर रहीं है भाजपा सरकार की कथनी व करनी मे अंतर साफ दिख रहा है। विधायक इंद्र साव के औचक निरीक्षण व दौरे मे शैली भांटिया, गंगा प्रसाद ओगरे, दशरथ चंद्राकर, दिनेश साहू, भीषम साहू व गणित वर्मा के अलावा अन्य लोग भी थे।

# सुनील के विधायक निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश के एक मात्र विधानसभा उप चुनाव के लिये रायपुर दक्षिण सीट पर हुये मतदान के परिणाम शनिवार को घोषित कि ये गये जिसमे भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी सुनील सोनी के विधायक निर्वाचित होने पर भाटापारा स्थित भाजपा कार्यालय मे आतिशबाजी के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा कि दक्षिण विधानसभा रायपुर सीट से सुनील सोनी की जीत केन्द्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ की विष्णुदेव सरकार की योजनाओं व कार्यो की जीत है जिस पर जनता ने मुहर लगाकर सुनील सोनी को विधायक चुना है स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उक्त चुनावी जीत पर चुनाव संचालक शिवरतन शर्मा व बृजमोहन अग्रवाल के कुशल चुनाव संचालन को श्रेय देते हुये कहा है कि उक्त दोनो नेताओं के कडी मेहनत व लगातार दक्षिण क्षेत्र मे किये गये चुनाव प्रचार मुहिम का यह प्रतिफ ल है कि सुनील सोनी व भाजपा की शानदार जीत हुई है। भाटापारा भाजपा कार्यालय मे जीत के जश्न के अवसर



पर सलीम खान, सुनील यदू, गोपाल देवांगन, राजा कामनानी, योगेश अनंत, आयशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, उमाशंकर वर्मा, राजेश छाबड़िया, शेखर ठाकुर, संतोष ठाकुर, आशीष पुरोहित, कुंजराम कोशले, सुखदेव यदू, गोविंद पटेल, शकुन ध्रुव, चन्द्रकला साय, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, आशीष जायसवाल व व्यास यदू सहित बडी संख्या मे अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 83 छात्राओं को शिवरतन के हाथ सायकल वितरित किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम तरेंगा के स्कूल मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के हाथो विद्यालय मे अध्ययनरत छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 83 नग सायकल का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम मे शर्मा ने कहा कि बेटियां है तो कल है उन्होने सभी छात्राओं को बेहतर ढंग से अध्ययन कर अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन करने का आव्हान किया। उन्होने आगे कहा कि सरस्वती सायकल वितरण योजना प्रदेश की विष्णुदेव सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमे दूर दराज से पढ़ने के लिये आने वाली छात्राओं को अपने स्कूल तक पहुंचने मे किसी भी प्रकार की बाधा व परेशानी न हो उस लिहाज से सायकल



उपलब्ध कराया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव की सोंच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सड़क के माध्यम से प्रदेश का समग्र विकास हो इसी के लिये तमाम प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति से हो रहा है। उन्होने प्रदेश मे बेहतर शिक्षा व्यवस्था का वातावरण बनाने का आव्हान करते हुये कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलो को व्यवस्थित व बेहतर बनाया जायेगा किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी व जरूरत के हिसाब से सभी स्कूलो के लिये भवन शिक्षक पेयजल व्यवस्था व बैठक व्यवस्था खेल मैदान सहित अन्य सभी जरूरतो को पूरा किया जायेगा। उक्त अवसर पर रामरतन शर्मा, डिगा साहू, प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, सतीश सोनी, हरि यदु, मनहरण यादव, पुरुषोत्तम यादव, धनेश साहू,भेला देवांगन, नोहर यदु, सुनील साहू, फागू ध्रुव, गजानन्द सलोटे व प्रवीण शर्मा सहित स्कूल पालक उपस्थित थे।

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत



**भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है।**

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है। भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है। आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है।

> हमें राष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक तथा सामरिक दृष्टि से सबल बनाना होगा। भारत को दुनिया का सिरमौर देखने की कामना करने वाले लोगों से अपेक्षा है कि वे जागे, कुछ नया और अनूठा करें। आनेवाली पीढियां तुम्हें निहार रही हैं। भारत का भविष्य अब युवाओं पर ही निर्भर है।



ललित गर्ग

# भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

**भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है।**



भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यत: देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं।

> विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिति लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यत: निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है।

प्रह्लाद सबनानी
साभार... प्रभासाक्षी



# 'एक पेड़ मां के नाम पर' के तहत वृक्षारोपण

**रायपुर** /''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत स्कूल में वृक्षारोपण किया गया एस.के.ए. स्टील एण्ड पावर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझते हुए ''एक पेड़ माँ के नाम'' थीम पर द्वितीय चरण शुरूआत करते हुए शासकीय हाई स्कूल उरला में वृक्षारोपण रायपुर में किया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दो वाटर कूलर लगाया गये। वृक्षारोपण करने एस.के.ए. स्टील एण्ड पावर लिमिटेड के महाप्रबंधक- अखिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, महाप्रबंधक वित्त, रंजन सेठी, एचआर मैनेजर, नरेन्द्र देवांगन, एकाउंट प्रमुख आदि उपस्थित रहे। वृक्षारोपण करने पार्षद मोहन बंजारे, शाला विकास समिति सदस्यगण नोहर मिर्झा, पीताम्बर साहू, महेन्द्र सोनी तथा योगेश कुमार वर्मा, लवकुश प्रजापति आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य ए.के. देवांगन, शिक्षक बंशीलाल बाघमारे, सोनवानी, ओझा, कमलेश राजपूत उपस्थित रहे। प्राचार्य देवांगन ने अपने उद्बोधन में एस के ए स्टील के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की उरला जैसे औद्योगिक क्षेत्र में वृक्षारोपण कर बढते प्रदूषण की



बहुत अधिक अधिकता है। प्रदूषण को शमन करने हेतु वृक्षारोपण कर नेक कार्य किया है। औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अन्य उद्योगों को भी वृक्षारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सोनवानी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सम्पत सिंह राजपूत ने किया।

# छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति एवं सनातन धर्म को जीवंत करता रामायण कार्यक्रम



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** ग्राम बरगा में बीती रात छठ्ठी के शुभ अवसर पर आयोजित रामायण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। ओमप्रकाश साहू और रामरतन साहू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जय मां गंगा मानस परिवार, टेकापार बालोद की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभार कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोकरंग अर्जुन्दा संस्था के प्रसिद्ध गायक और हास्य कलाकार घेवर यादव रहे। उन्होंने रामचरित मानस की व्याख्या छत्तीसगढ़ी लोकभाषा में प्रस्तुत की, जिससे श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी हास्य शैली और गायन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस आयोजन में नोहर बल्लुपाल, कन्हैया पाल, लच्छीराम साहू, श्रवण साहू, पुनित पाल, मेघु साहू, चेतन साहू, डॉ. काशीराम, भीखम साहू, हेमंत साहू, और छोटू साहू सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया।

इस प्रकार के कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती लोकसंस्कृति को पुनर्जीवित करने और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों और प्रतिभागियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समर्पण और उत्साह का परिचय दिया।

# संजीत अग्रवाल ने लगाया करोड़ों का चूना

## शेयरमार्केट नाम पर फर्जी ट्रेडिंग सेन्टर चला रहा था आरोपी संजीत, अंबिकापुर में भोले भाले लोगों को लगाया करोडों का चूना, आरोपी फरार सरगुजा पुलिस ने जल्द गिरफ्तार करने की बात कही हैं

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**सरगुजा।** अंबिकापुर में स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है पीड़ित युवक ने ठगी की शिकायत कलेक्टर जन दर्शन में की है,पीड़ित ने फरियाद लगाया है करोड़ों रुपए लेकर फरार आरोपी संजीत अग्रवाल को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और लोगों के रुपए को वापस कराया जाए .पीड़ित ने बताया कि अंबिकापुर के गांधीनगर थाना इलाके के एम जी रोड़ में शुभ निवेश स्ट्रोक मार्केट एकेडमी के नाम पर टैनिंग सेंटर संचालित था जिसका संचालक संजीत अग्रवाल ने सरगुजा के भोले भाले लोगों को स्ट्रोक मार्केट में अधिक मुनाफा और कमीशन का झांसा देकर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया है.. विगत 7 महीने से एकेडमी बंद कर आरोपी संचालक फरार हो गया है . संचालक. के फरार होने से पीड़ित रुपए वापस पाने थाने के चक्कर लगा रहे है ..पुलिस के कार्यवाही नहीं करने से परेशान युवक कलेक्टर जन दर्शन पहुंच गया.. कलेक्टर से फरियाद लगाई है कि संजीत अग्रवाल को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और लोगों के पैसे को लौटाया जाए.. वही जनदर्शन में शिकायत के बाद पुलिस जल्द कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कह रही है



# अंबिकापुर के पीजी कालेज में LLB के छात्रों द्वारा प्राचार्य पर लगाया गंभीर आरोप





ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** अंबिकापुर पीजी कॉलेज में LLB yth सेमेस्टर के रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्रों में आक्रोश देखने को मिला। LLB yth सेमेस्टर के छात्रों ने कॉलेज के गेट पर ताला लगाकर विरोध जताया। छात्रों का आरोप है कि 60% से अधिक छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया है, जबकि कॉलेज में शिक्षक पढ़ाई नहीं कराते हैं। साथ ही, छात्र नेताओं को टारगेट कर प्राचार्य द्वारा फेल किया जाता है छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, पीजी कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि छात्रों की मांग पर फिर से उनकी कॉपियों की जांच कराई जाएगी और किसी भी विसंगति को दूर किया जाएगा। प्राचार्य के आश्वासन के बाद छात्रों ने प्रदर्शन बंद कर दिया और जल्द से जल्द रिजल्ट की पुन: जांच की मांग की। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर शासकीय मेडिकल कालेजों में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में शासकीय मेडिकल कालेजों की स्वशासी समितियों की हुई बैठक

## चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में वृहद प्रशासनिक एवं वित्तीय सुधारों का हुआ अनुमोदन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विष्णु के सुशासन में राज्य सरकार जनहित में लगातार नीतिगत निर्णय ले रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिशा में प्रयास करते हुए अपने सुझाव सामने रखे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी सोसायटियों की बैठक में आज चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों के वित्तीय विकेंद्रीकरण के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण एवं जनहित के निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों से महाविद्यालय स्तर पर स्वशासी सोसायटियों का सुदृढिकरण होगा, आवश्यक कार्यों के लिए शासन पर निर्भरता कम होगी, अतिआवश्यक कार्य समय सीमा पर संपन्न हो सकेंगे और तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर ही हो जाएगी।




चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालो के लिए अतिआवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी मरम्मत एवं रखरखाव, कन्ज्यूमेबल सामग्री इत्यादि की तात्कालिक उपचार के लिए आवश्यकता पड़ती रहती है। लेकिन मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों के पास इन्हें खरीदने अथवा मरम्मत के लिए बहुत ही सीमित शक्तियों का प्रावधान था। इसकी वजह से इन्हें शासन स्तर के निर्णय पर निर्भर रहना पड़ता था। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व से चला आ रहा था। राज्य गठन के बाद पहली बार वित्तीय अधिकारों के नियम मे संशोधन किया जा रहा है।



पहले मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों को 1 लाख रूपए से उपर के लघु निर्माण, मरम्मत, दवा खरीदी इत्यादि कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। नए निर्णय से अब इनके पास 10 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार होगा। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। औजारों एवं लघु उपकरणों की खरीदी अथवा मरम्मत के लिए 1 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार था जिसे अब बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने की सहमति स्वशासी समिति की बैठक में दी गयी है। इसी तरह से भण्डार तथा रिएजेंट की खरीदी के लिए 20 हजार रूपए तक की शक्तियां थी जिन्हें बढ़ाकर अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है। इस वित्तीय विकेंद्रीकरण से स्वाशासी समिति कार्यसंपन्न बनेगी और बहुमूल्य समय की बचत होगी। इससे मरीजों को दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का त्वरित लाभ मिलेगा।

स्वशासी सोसायटियों का पुनर्गठन राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों का गठन महाविद्यालय की स्थापना के साथ अलग अलग समय पर हुआ है। इन सोसायटियों के लिए कोई एक निर्धारित गाइड लाइन या नियमावली का निर्धारण नहीं किया गया है और इनमें एकरूपता नहीं है। इन सोसायटियों को होने वाली आय व्यय के अनुमोदन के लिए भी कोई मानकीकरण प्रक्रिया नहीं है। इनमें एकरूपता लाने के लिए माडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। पूर्व में सिर्फ सामान्य सभा को ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन नए ड्राफ्ट के अनुसार सामान्य सभा के अधिकारों का विस्तार करते हुए प्रबंधकारिणी समिति और वित्त समिति के अधिकारों में बदलाव किए गए हैं।

**स्थानीय स्तर पर बड़े निर्णय ले सकेंगी स्वशासी सोसाइटियां, प्रबंधकारिणी समिति को 2 करोड़ रूपए तक के अनुमोदन का मिला अधिकार**

**राज्य गठन के बाद पहली बार नियमों में संशोधन, अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक के बढ़े अधिकार**

इन बदलावों के अनुसार सामान्य सभा को पूर्ण अधिकार के साथ ही अब प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार होगा, पहले ये अधिकार नहीं था। वित्त समिति को प्रति कार्य 10 लाख रूपए तक के अनुमोदन का अधिकार दिया गया है, पहले कोई अधिकार नहीं था। केंद्र अथवा राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं से स्वशासी समिति को प्राप्त राशि, आवंटन अथवा अनुदान में से सामान्य सभा को खर्च व अनुमोदन का पूर्ण अधिकार होगा वहीं इसी राशि में से प्रबंधकारिणी समिति को 5 करोड़ रूपए तक की राशि के अनुमोदन का अधिकार होगा।

अभी तक राज्य शासन से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्राप्त क्लेम का 25 फीसदी ही संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी सोसायटी को प्राप्त होता था। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में इसे बढ़ाकर 45 फीसदी कर दिया गया है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों को राज्य बजट से दवाइयां मद तथा भण्डार एवं रिएजेंट मद में प्राप्त बजट का 10 फीसदी राशि का आवंटन होता था।

# कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी के इलाज में सहायता मिली, आज मां स्वस्थ है और हमारा घर फिर हंसने-बोलने लगा है

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मिली मदद

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** अम्बिकापुर के केदारपुर में रहने वाली 63 वर्षीय अनुराधा विश्वकर्मा को जब अचानक शरीर में दर्द की वजह से चलने-फिरने में समस्या होने लगी तो उन्होंने फिजियोथेरेपी करवाई, इससे आराम तो मिला, पर कुछ समय बाद उन्हें शरीर में कुछ बदलाव महसूस हुए। जांच एवं लैब टेस्ट करवाने पर डॉक्टरों द्वारा ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बताया गया। ये सुनकर पूरा परिवार सदमे में आ गया, उनके भरे-पूरे



परिवार के आगे इतनी बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी, भला कौन जानता था। विश्वकर्मा परिवार केदारपुर में किराए के मकान में रहता है, परिवार में दो बेटे, बहु और दो नाती-पोते हैं, बड़ा बेटा प्राइवेट कॉलेज में शिक्षक है और छोटा बेटा कोचिंग सेंटर में अपनी सेवा दे रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि इतने बड़े इलाज के लिए पैसे आसानी से



पूरे हो पाते। जितनी जमा पूंजी थी वो भी महंगे जांच और दवाईयों में निकल रही थी। आनन-फानन में परिचितों की सलाह पर अनुराधा को एम्स रायपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। छोटे बेटे सौरभ विश्वकर्मा बताते हैं कि उन्हें वहीं डॉक्टरों द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सहायता राशि के बारे में जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल आवेदन किया और योजना के तहत मदद मिली। उन्होंने बताया कि शासन की यह योजना इस दुख की घड़ी में उनके लिए वरदान बनकर आई। आज मां स्वस्थ है और हमारा घर फिर हंसने-बोलने लगा है। बता दें कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती।

# धान खरीदी का मिलेगा पूरा दाम, किसानों ने बताई बात

## धान खरीदी है लोगों की उम्मीद, कृषक उन्नति योजना से जब मिली राशि तो किसी ने अधूरे घर को पूरा किया, किसी ने खरीदी मोटरसाइकिल

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अम्बिकापुर। पूरे प्रदेश में धान खरीदी जारी है। धान खरीदी केवल एक शासकीय काम या दायित्व नहीं है, इससे लाखों किसानों की उम्मीद भी जुड़ी रहती है।**





सरकार ने अपने वादे के अनुरूप गत खरीदी वर्ष में जब किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब दाम दिया, तो किसानों में राहत और खुशी का माहौल रहा। कृषक उन्नति जैसी योजना से एकमुश्त आदान राशि खाते में आने से किसी ने अपना कर्ज चुकाया तो किसी ने अपना घर बनाया। इस बार फिर किसान उत्साह के साथ धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछली बार पूरा दाम मिला था, इस साल भी मिलेगा। गांव असोला के रहने वाले किसान तीजा राम ने बताया कि उनकी 7 एकड़ जमीन है, जिसपर खेती का काम करते हैं। कुछ धान अपना खाने के लिए भी रखते हैं, और बाकी धान को बेच देते हैं। पिछली बार उन्होंने 100 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी सही और बेहतर कीमत मिली। बुजुर्ग किसान तीजा राम खुश होकर बताते हैं कि कृषक उन्नति योजना के तहत आदान राशि मिली तो उन्होंने घर के लिए मोटर साइकिल खरीदी। सरकार अब 21 क्विंटल प्रति एकड़ के फैसले के साथ धान खरीदी कर रही है, जो किसानों के हित बहुत ही अच्छा है। वे छत्तीसगढ़ी में हंसते हुए कहते हैं कि 卐पार साल मिले रीहिस पैसा, मोदी के गारंटी पूरा होत हे, ए दारी घलों विष्णुदेव सरकार दीही, मुख्यमंत्री ल धन्य धन्यवाद हे

इसी तरह मानिक प्रकाशपुर के किसान महेंद्र राम मिंज बताते हैं कि पिछले साल उन्होंने 116 क्विंटल से ज्यादा धान विक्रय किया था जिसका उन्हें समर्थन मूल्य के अनुरूप वाजिब दाम मिला। धान विक्रय पर राशि मिली और फिर कृषक उन्नति योजना के तहत आदान राशि भी मिली जिससे सरकार ने जो वादा किसानों से किया था, जो गारंटी दी थी, वो पूरी हुई, और हमें पता है कि इस बार भी राशि समय पर मिल जाएगी। धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम भी लगाए गए हैं। जहां किसान दस हजार तक की राशि निकाल सकते हैं, तो व्यवस्था तो सरकार ने बेहद अच्छी की है। वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। हमारे प्रदेश में धान का सर्वाधिक 3100 रूपए क्विंटल कीमत मिल रहा है, जो अन्य किसी जगह में नहीं है। सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ में धान खरीदने का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

## गौ मुक्ति धाम बनाने स्थल चिन्हांकन के निर्देश

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुज।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा की बैठक में शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम धान खरीदी की समीक्षा की गई। साथ ही समय सीमा में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय कार्यक्रमों, स्कूलों, कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र अवश्य रखे जाएं जिससे उनके आदर्श और मानव मूल्यों को सदैव स्मरण किया जाता रहे।



कलेक्टर श्री भोसकर ने बैठक में सभी नोडल अधिकारियों और उड़नदस्ता दल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों में लगातार दौरा करें और किसानों से अवश्य संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था पर फीडबैक लेते रहें। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, कोचियों बिचौलियों पर कड़ी नजर रखें, पर इसमें किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने किसान कुटीर के उपयोग, धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए पर्याप्त पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था, दूर से आने वाले किसानों के लिए हाथ पांव धोने की व्यवस्था, आदि रहे। साथ ही उपार्जन केंद्रों में एक व्यक्ति को दायित्व सौंपे कि किसान के धान लाने पर उसकी मदद और मार्गदर्शन हेतु उपलब्ध रहे जिससे किसान का अनावश्यक समय ना जाए।

### किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने नोडल अधिकारी लगातार केंद्रों का दौरा करें, बैंक एटीएम कार्ड का वितरण करें जिससे किसानों को पैसे निकालने बैंकों का चक्क र न काटना पड़े - कलेक्टर

एटीएम कार्ड का वितरण किसानों को सुनिश्चित करें, जिससे बैंकों के चक्कर ना काटना पड़े- कलेक्टर श्री भोसकर ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल को निर्देशित किया कि किसानों को शत प्रतिशत एटीएम कार्ड का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सहकारी बैंकों को एटीएम कार्ड प्रदाय किए गए हैं, उन्हें किसानों को वितरण करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। जिससे उन्हें बैंकों के चक्कर ना काटना पड़े। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मी भी किसानों से संवेदशील व्यवहार रखें। शासन की मंशा सुगम और सुव्यवस्थित धान खरीदी की है, इसमें किसी तरह की लापरवाही ना हो। उन्होंने रकबा सुधार हेतु भी तहसीलदारों को विशेष सावधानी बरतते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस बारदाना एकत्र कर समितियों तक उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

गौ मुक्ति धाम बनाने स्थल चिन्हांकन के निर्देश - बैठक में कलेक्टर ने समय सीमा के आवेदनों की समीक्षा करते हुए अम्बिकापुर नगरीय क्षेत्र अंतर्गत श्मशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर सौंदर्यीकरण करने पर चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने मवेशियों की मृत्यु होने पर उनके उचित निपटान की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में मवेशियों की मृत्यु उपरांत उनके शव के उचित तरीके से निपटान हेतु गौ मुक्ति धाम बनाए जाने स्थल चिन्हांकन के निर्देश नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम अंबिकापुर को दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री डीएन कश्यप सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंबिकापुर कोल ब्लॉक को लेकर फर्जी ग्राम सभा का आरोप,कराई जाए जांच



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि परसा कोल ब्लॉकको लेकर लगातार फर्जी ग्राम सभा की शिकायत आती रही जो मामला बाद में अनुसूचित जनजाति आयोग के पास पहुंचा था जहां से सुनवाई के बाद यह रिपोर्ट सामने आयी थी कि वह ग्राम सभा फर्जी है।






चूंकि आयोग सरकार की ही एक इकाई है ऐसे में उसकी रिपोर्ट को संज्ञान में लेना चाहिये। जिला प्रशासन व जिला पंचायत की ओर से ग्राम सभा को लेकर जो भी जांच के लिये नियम हो उसके अनुसार भी जांच कराई जाये। उदयपुर के जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बहुत जरूरी है सरकार कर नियम मोला समझ नई आएल बुखार लेत है मोला तो सुईं लगात हैं जिला पंचायत सदस्य सुनील ला ये कौन सा नियम है। जब पेड़ कटाई सरगुजा में तो वृक्षारोपण भी यहीं हो। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने पिछले दौरान कटाई के दौरान उपजे आक्रोश के समय जो ग्रामीणों पर एफआईआर हुई है, उसे वापस लेने हेतु सभी सदस्यों ने अपनी ओर से सहमति का प्रस्ताव पारित किया। वहीं आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि उदयपुर में चल रहे इन कोल खदानों का एवं नये खुलने वाले खदानों का रामगढ़ के पहाड़ पर क्या प्रभाव पड़ रहा है उसका अध्ययन वन विभाग एवं ए एसआई के माध्यम से सर्वेक्षण कराया जाये।

सामान्य प्रशासन की बैठक में महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण सहित वनाधिकार पत्र जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कहा कि महामाया पहाड़ में एक बार वृहद स्तर पर कैम्प लगाकर वनाधिकार के लंबित मामलों का सबसे पहले निराकरण किया जाये साथ ही वनाधिकार पत्र के अलावे बाकी अतिक्रमित क्षेत्र को मुक्त कराते हुए उसे रिजर्व फारेस्ट के रूप में विकसित किया जाये साथ ही महामाया पहाड़ को संरक्षित वन के रूप में विकसित किया जाये। किन्तु इसके पहले नजूल, राजस्व एवं वन विभाग अपने अपने क्षेत्र का सीमांकन कर दें ताकि एक सीमा रेखा खींची जा सके और सुरक्षित पहाड़ के रूप में संरक्षित किया जाये। दो बार पहले भी जांच हो चुका है वहां पर और जांच रिपोर्ट भी आई है साथ ही शहर के बगल के क्षेत्र है तो लोगों के बसने को लेकर काफी सहूलियत वाला क्षेत्र लोगों को लगता है। ऐसे में यदि एक बार कड़ाई से संरक्षित करने को लेकर एकजुट हो जायें तो नये मामलों पर रोक लगे साथ ही एक पहाड़ के अगल-बगल के ग्रामों को सामुदायिक वनाधिकार का पट्टा दे दिया जाये जिससे इस पहाड़ का संरक्षण हो सकें।

परिसीमन में गड़बडी का आरोप

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव को लेकर हुए परिसीमन को लेकर सामान्य प्रशासन एवं सामान्यसभा दोनों में जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद सदस्यों ने जम कर सवाल खड़े किए। जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता ने कहा कि पंचायतों का परिसीमन तो नहीं हुआ लेकिन वोटरों का परिसीमन वोटर लिस्ट में कर दिया गया। कहीं पंचों को दूसरे वार्डों में डाल दिया गया है तो कहीं तो सरपंचों के नाम ही गांव से गायब कर दिए गये हैं। वहीं जनपद सदस्य क्षेत्रों का परिसीमन जो किया गया वह भौगोलिक न होकर राजनीतिक प्रभाव में किया जा रहा है। जिसमें काफी त्रुटियां हैं, जो हमें स्वीकार्य नहीं है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यह पुरा कार्य राजस्व विभाग के अधिकारियों के अधीन था, हम आपकी बातों को वहां तक पहुचायेंगे साथ ही वोटर लिस्ट में नाम सुधार और जोडने की प्रक्रिया को स्थानीय स्तर पर सुधरवाया जा सकता है।

# जिला कांग्रेस कमेटी के एमजी रोड में चक्काजाम के बाद जर्जर एनएच पर बने गड्ढों के भरने का काम शुरू

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर से सिलफिली तक 20 किमी एनएच-43 की सडक काफी जर्ज़र हैं। पूरी सडक गड्ढें में तब्दील हो गई है। मार्ग पर चलना मुश्किल हो रहा है। सडक पर बने गड्ढों व उड़ रही धूल से लोग परेशान हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर शनिवार की दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया। चक्काजाम किए जाने से दोनों ओर वालों की लंबी लाइन लग गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ धरना स्थल पहुंचे और अपनी बाते रखीं। उन्होंने बताया तीन साल पहले ही सडक नवीनीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राशि के अभाव में काम नहीं हो पा रहा है। विभाग सिर्फ गड्ढों को स्टोन डीएसटी से भराने की स्थिति में है। जिम्मेदार अधिकारियों के गैरजिम्मेदाराना जवाब से प्रदर्शन कारी बिफर पड़े। इस दौरान थोड़ी तनातनी भी हुई। जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने साफ शब्दों में कहा जब तक काम शुरू नहीं होगा तब तक हम नहीं उठेंगे। इस बीच कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। तनाव बढ़ता देख एसडीएम फगेश सिन्हा ने प्रशासन की तरफ से मोर्चा सम्भाला। उन्होंने कलेक्टर और एनएच के कार्यपालन अभियंता से फोन पर बात कर तत्काल गड्ढों में जीएसबी मटेरियल भर कर पीचिंग का काम शुरू कराया। उन्होंने 15 दिन में शहर की सभी एनएच और पीडबल्यूडी की सड़कों का सुधार कार्य शुरु करने आश्वस्त किया।



# अंबिकापुर के पीजी कालेज आडीटोरियम में दो दिनों तक चले राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन




ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में दो दिनों तक चले चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में 1100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 200 से अधिक प्रशिक्षण देने वाले कोच शामिल हुए। इस दौरान खिलाड़ियों ने फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, लंबी दौड़, ऊंची कूद, बास्केटबॉल सहित अन्य खेलों में अपना प्रदर्शन दिखाया। इस पूरे टूर्नामेंट में पहला स्थान 47 खेलों के साथ सरगुजा संभाग, दूसरा स्थान 37 खेलों के साथ बस्तर संभाग, तीसरा स्थान 25 खेलों के साथ सहित चौथा स्थान 3 खेलों के साथ राजनांदगांव ने हासिल किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, जिले के अधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विधायक ईश्वर साहू ने एकादशी उद्यापन कार्यक्रम में की शिरकत

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नगर के अग्रसेन भवन में एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया गया, जिसका संयोजन श्री सुरेंद्र सिंघानिया और श्रीमती ललिता देवी सिंघानिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री ईश्वर साहू ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। विधायक ईश्वर साहू ने नारायण भगवान और तुलसी माता की स्थापना स्थल पर पूजा-अर्चना कर पंडित ओमप्रकाश जोशी से विधिवत आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और अतिथियों ने भाग लिया। भोज के पश्चात विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर की समस्याओं और मंडल समिति चुनाव से जुड़े विषयों पर चर्चा की। आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी ने एकादशी उद्यापन का महत्व बताते हुए कहा, व्रत की पूर्णता तभी मानी जाती है, जब उसका विधि-विधान से उद्यापन किया जाए। उद्यापन एक अनुष्ठान है, जो व्रत के अंत में किया जाता है। यदि व्रत में कोई गलती हो जाए या व्रत अधूरा रह जाए, तो उद्यापन के माध्यम से इसे पूर्ण किया जाता है। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, प्रवीण अग्रवाल, रौनक मुरारका, राहुल छाबड़ा, हरि अग्रवाल, अशोक मित्तल, दिनेश बंसल रायपुर, सूरज पोद्दार नागपुर, पवन केडिया , सुंदर बंसल, ईश्वर बंसल और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

# नगर में 50 साल पूर्व से साप्ताहिक रामायण का आयोजन किया जा रहा है

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** ब्रम्हलीन स्वामी अवधूता नंद जी महाराज की सत्प्रेरणा से विगत 50 वर्ष पूर्व से क्रमशः चलने वाली साप्ताहिक रामायण, आशीष बंसल के निज निवास में आयोजित की गई !भाईचारा सामाजिक समरसता प्रत्येक घर को इस धार्मिक आयोजन में सह भागीता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है,समय रात्रि ८:३० बजे से १०:०० बजे तक चार चौपाई का पाठ आचार्य पं. ओमप्रकाश जोशी पं.रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय पं. राम अवतार मिश्रा के द्वारा वाचन किया जाता है, पश्चात् आरती भजन के बाद प्रसाद वितरण कर कथा का समापन किया जाता है, कथा के दौरान पं.रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय ने बताया की मानस के अंतर्गत अयोध्या कांड के माध्यम से तुलसीदास जी ने अनेक नैतिक पारिवारिक मूल्यों की स्थापना की है,उन्होंने अयोध्या कांड के अंतर्गत पारिवारिक संबंधों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम किया ,जिसके आदर्श आज भी अनुकरणीय है, आगे आपने बताया श्री रामचरितमानस के अयोध्या कांड में राम जानकी विवाह के बाद अयोध्या में बीते समय की गाथा है!



# कुम्हार पारा में एक दिवसीय मानस गान संपन्न हुआ

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में हर माह होने वाले मानस गान का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 8 कुम्हार पारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया , दऊवा कुंभकार ने दीप प्रचलित पूजा, अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल सिंघानिया ने बताया। कि 20 सालों से समिति के द्वारा ग्रामीण अंचलों में मानस मंडली के माध्यम से हिंदू धर्म सनातन धर्म व गो रक्षा संवर्धन के विषय में लोगों को जागृत करने का काम कर रहे है। आगे आपने हिंदू समाज को संगठित होने की बात की, हम सब का जाति में बंट जाने के कारण विधर्मी लोग इसका फायदा उठाते हैं। आगे आपने बताया ,आदिकाल से ही गाय के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसलिए जीवन और जीविका के लिए गाय के संरक्षण संवर्धन करना प्रत्येक व्यक्ति का धर्म है। गौ रक्षा से संकट दूर होते हैं गौ माता हमारी संस्कृति का मूल आधार है। आए दिन कत्लखाना की संख्या बढ़ती जा रही है। गाय कटती जा रही है। शासन को गौ की रक्षा की नीतियों को निश्चित रूप से बदलना होगा। कार्यक्रम में 10 मंडली ने अपनी सेवा दी श्रद्धालुओं ने एकाग्रता होकर कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीनदयाल साहू, काशीराम अग्रवाल, भावेश कुंभकार, दउवा कुंभकार, कुशल कुमार, मनीराम, मोती रामधनु संतोष नामदेव, बुधारू, राजू , विनोद शेखर सेन सहित सैकड़ों श्रोतागण उपस्थित थे।

# रूखमणि श्रीकृष्ण विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थान खम्हरिया। समीप ग्राम श्यामपुर कापा में स्वर्गीय चंद्र किशोर दास वैष्णव के वार्षिक श्राद्ध में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन सुपुत्र सतीश कुमार वैष्णव ,विकास कुमार वैष्णव द्वारा आयोजित किया गया है!



कार्यक्रम में प्रतिदिन आसपास ग्रामीण अंचल से लोग व रिश्तेदार सम्मिलित हो रहे हैं लोगो के द्वारा सभी के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई है! भागवत आचार्य पंडित संजय तिवारी द्वारा पंचम दिवस की कथा में रूखमणि विवाह का वर्णन किया तथा वाचक ने कहा, रूखमणि ने भगवान श्री कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के इस कामना को पूरी करने का वचन दिया, आगे वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारस का आयोजन किया,इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को मिलने के लिए कहा गया, सभी गोपिया सज धज कर यमुना तट पर पहुंच गई! कृष्ण की मधुर बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपिया अपनी सूज बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं, इन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने से उनसे प्रेम करने का भाव जागा ,लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था, इसके बाद भगवान ने महारस का आयोजन किया, माना जाता है कि ,वृंदावन स्थित निधिवन में रास रचाया था, यहा भगवान ने अद्भुत लीला दिखाई थी ,जितनी गोपियाँ उतने ही श्री कृष्ण प्रतिरूप प्रकट हो गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव वैष्णव, रामकुमार वैष्णव,अनिल सिंघानिया, राजेंद्र, मोनू बिंदल , आशीष बंसल, सुधीर सिंघानिया,गोपी अग्रवाल सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे !

# छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष बिशेषर पटेल का पद भार ग्रहण समारोह संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री बिशेषर पटेल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ नेताओं और गौ सेवा से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देवसाय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण शाह और श्री विजय शर्मा, आयोग के संरक्षक श्री राम बालक दास जी, स्वामी राजीव लोचन महाराज जी, संगठन मंत्री पवन साय, पूर्व संगठन मंत्री राम प्रताप जी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने घोषणा की कि बेमेतरा जिले में जल्द ही गौ-अभ्यारण्य की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, पंजीकृत गौशालाओं के लिए अनुदान राशि को बढ़ाकर 25 से 35 प्रति गाय करने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने गौवंश संरक्षण के महत्व और उससे जुड़े आर्थिक व सांस्कृतिक पक्षों पर प्रकाश डाला।

श्री राम बालक दास जी और स्वामी राजीव लोचन महाराज जी ने भी अपने उद्बोधनों में गौ सेवा के प्रति सरकार की नीतियों और जनता की सहभागिता की सराहना की।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री बिशेश्वर पटेल ने गौ सेवा आयोग की नई योजनाओं और आगामी कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी और राज्य में गौ संरक्षण को और सशक्त बनाने का वचन दिया। इस समारोह में बेमेतरा जिला से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघानिया, राजा पाण्डेय, दीपक तिवारी, राम अग्रवाल, और विष्णु दास वैष्णव सहित अनेक गौ संरक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# भाटापारा में ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित

## लोगों ने निकाले गरम कपड़े

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** फं गल तूफ ान के असर के कारण भाटापारा के समुचे क्षेत्र मे शनिवार को सूर्य की लुका छिपी के बीच दिन भर बादल छाये रहे फ लस्वरूप लोग ठंड के बीच कंपकंपी महसूस करते रहे। ठंड के कारण गर्म कोट, चादर, कंबल शाल ओढ़कर लोग अपने शरीर की सुरक्षा करते रहे। क्षेत्र मे पिछले पांच दिनो से कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण भाटापारा का तापमान लगातार रात्रि मे गिर रहा है और वर्तमान मे यह 18 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। क्षेत्र मे पड़ रहीं कड़ाके की ठंड की वजह से गरम कपड़ो के बाजार मे अचानक उठाव आ गया है व बाजार मे जैकैट, स्वेटर, शाल, मफ लर, कंटोप, चादर, कंबल, रजाई गददा सहित तमाम गरम कपड़ो के आयटम की बडे पैमाने पर बिक्री हो रहीं है। वहीं गरम पेयपदार्थ काफ ी, दूध, चाय की बिक्री भी बडे पैमाने पर बढ़ गई है। एक ओर जहां चाय काफ ी दूध की बिक्री बढ गई है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के दुधारू गाय, भैंस ने दूध देना कम कर दिया है पशुपालको के अनुसार ठंड के मौसम मे मवेशियों द्वारा कम दूध दिये जाने से दुग्ध उत्पादन प्रभावित हुआ है इधर मौसम के बदलते मिजाज व बढ़ ठंड के बीच छाये हुये आसमानी बादल के मध्य बारिश का खतरा भी लोगों के मन मे मंडराने लगा है अनेक खेत व ब्यारो मे रखे धान के करपा, खरही के साथ साथ जगह जगह धान संग्रहण केन्द्र मे रखे हजारो बोरा धान पर अकस्मात बारिश आने का खतरा मंडराने लगा है ठंड व बादल बदली के बीच शहर व गांव मे जगह जगह आग



जलाकर लोग ठंडकता दूर करने का प्रयास कर रहे है वहीं धान मंडी क्षेत्र, बस स्टैड, सब्जी बाजार व रेल्वे क्षेत्र सहित अनेक गांव व घर मे भी लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास भरपूर रूप से कर रहे है। ठंड के बढते प्रभाव का असर शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों मे भी देखने को मिल रहा है जहां सभी अधिकारी कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंच रहे है वहीं अनेक शासकीय निजी स्कूलो मे भी ठंड के कारण उपस्थिति कमजोर हो रहीं है अनेक शासकीय स्कूलो मे शिक्षकीय स्टाफ स्वयं निर्धारित समय पर स्कूल नहीं पहुंच रहे है जिससे अध्ययन अध्यापन मे क्रम टूट रहा है।

# अग्रवाल परिवार द्वारा रानी सती दादी मां का भव्य आयोजन संपन्न



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। अग्रवाल परिवार के सौजन्य से शादी के पूर्व रानी सती दादी मां का विशेष आयोजन रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में हर्षोल्लास और धार्मिक भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

इस आयोजन में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल वाद्य ध्वनि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना और रानी सती दादी मां का आह्वान किया गया। विशेष रूप से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, रानी सती दादी मां के भजन की गूंज ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वे हाथों में रंग-बिरंगी चुनरी और सिर पर पूजा की थालियां लेकर रानी सती दादी मां की आरती में शामिल हुईं। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से सज रही है दादी की आरती जैसे भजनों का गायन कर वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज की महिलाओं ने समाज में आपसी एकता और सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने रानी सती दादी मां के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

# भाटापारा रेल्वे अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज में गंदगी, अंधेरा व पशुओं का डेरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मुख्य मार्ग पर भाटापारा रेल्वे स्टेशन के अंतर्गत समपार रेल्वे फ टक मे निर्बाध गति से आवागमन हो इस बात को ध्यान मे रखकर रेल प्रशासन ने हटरी बाजार रेल्वे फ टक मे अंडरब्रिज का निर्माण किया था साथ हीं टेंहका रेल्वे फ टक पर रेल्वे ओव्हरब्रिज एवं अंडरब्रिज दोनो का निर्माण किया है लेकिन उपरोक्त दोनो अंडरब्रिज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज मे इन दिनो धूल, कचरा, गंदगी के साथ साथ टेंहका अंडरब्रिज के भीतर आवारा मवेशियों का जमावड़ा होने से लोग हलाकान है खासकर टेंहका रेल्वे अंडरब्रिज के रास्ते आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालको को परेशानी से जूझना पड़ रहा है क्योकि दर्जनो की संख्या मे वहां पर भैंस, भैंसा, गाय, बैल व सांड स्वच्छंद रूप से वहां विचरण करते हुये डेरा जमाये हुये है जिससे लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है कभी कभी तो वहां पर सांड लड़ाई की वजह से लोगों को वाहन समेत गिरकर चोटिल होना पड़ा है इसी तरह टेंहका रेल्वे फ टक के उपर बनाये गये ओव्हरब्रिज मे बडे व छोटे चैपहिया वाहनो की अवैध पार्किंग होने से यातायात बाधित हो रहा है वहीं ओव्हरब्रिज मे धूल की मोटी परत एक लंबे समय से जम हाने से लोग खासकर दुपहिया वाहन चालक स्लीप होकर वहां पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है एक अरसे से ओव्हरब्रिज की साफ सफ ाई नहीं किये जाने से लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। रेल्वे ओव्हरब्रिज के उपर लगाये गये विद्युत पोल मे से अधिकांश पोल की प्रकाश व्यवस्था बंद है जिसके कारण अंधेरे व धूल एवं गंदगी के बीच रात को सफ र करने वाले दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इसी प्रकार के हालात हटरी बाजार रेल्वे फ टक के स्थान पर बनाये गये अंडरब्रिज की है जहां पर तत्कालिन सांसद सुनील सोनी ने अपने कार्यकाल के दौरान अधूरे अंडरब्रिज का यातायात के लिये उदघाटन करते हुये कहा था कि दो माह के भीतर उक्त अंडरब्रिज के सभी कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा लेकिन सुनील सोनी का संपूर्ण संसदीय कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उक्त अंडरब्रिज पर एक पैसे का काम आगे नहीं बढ़ा।



**ओव्हरब्रिज में बड़े व छोटे चौपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग होने से यातायात बाधित हो रहा**

उक्त अंडरब्रिज आज भी अधूरा पड़ा है अंडरब्रिज मे स्थिति यह है कि कोई भी व्यक्ति उपर से छलांग लगाकर वहां कूद सकता है अंडरब्रिज मे सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से अंडरब्रिज के नीचे चल रहे लोगों को हमेशा यह भय रहता है कि कोई सिर फि रा या पागल व्यक्ति राह चलते लोगों के उपर पत्थर बाजी न कर दें हटरी बाजार अंडरब्रिज को सुरक्षा मापदंण्डो के तहत पूर्ण करने की दिशा मे उचित पहल किये जाने की नितांत आवश्यकता है। उक्त अंडरब्रिज के उपरी हिस्से के बाजू से पंजाब एंड कश्मीर होटल होते हुये हटरी बाजार पहुंच मार्ग स्थित सर्विस रोड मे अवैध कब्जा से अनेक दुकान व ठेले लगाये जाने से लोगों को आवाजाही मे भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है जनहित मे भाटापारा के हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज तथा टेंहका फ टक अंडरब्रिज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज की साफ सफ ाई करते हुये वहां पर समुचित प्रकाश व्यवस्था किये जाने के साथ साथ मवेशियों के जमावड़े को खत्म किये जाने की भी जरूरत है साथ हीं हटरी बाजार के रेल्वे अंडरब्रिज को पूर्ण किये जाने की भी दिशा मे प्रयास करने की जरूरत है।

## भाटापारा में गैस की कालाबाजारी जोरों पर 850 का गैस 1100 रूपये में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे आम उपभेक्ताओ के घरो मे उपयोग मे आने वाला घरेलू गैस को लेकर शहर के गैस उपभेक्ता लगातार प्रताड़ित हो रहे है वहीं परेशान भी है। उपरोक्त संबंध मे स्थानीय खाद्य विभाग द्वारा व्यवस्था बिगाड़ने वालो के विरूद्ध कठोर व ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से घरेलू उपभेक्ताओं को 850 रूपये की गैस को खुले बाजार मे दलालो के मार्फ त 1100 रूपये मे लेना पड़ रहा है। शहर मे एक लंबे समय से घरेलू गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी धडल्ले से जारी है जिससे यह प्रतीत होता है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी बिचैलियो के मार्फ त हीं बाजार मे गैस को उंचे दाम पर बिकवा रहे है। शहर के दर्जनभर से अधिक घरेलू गैस उपभेक्ताओं ने बताया है कि गैस एजेंसी संचालक के कर्मचारी आम गैस उपभेक्ताओं के रसीद काटने मे हिला हवाली करते है वहीं गैस एजेंसी मे सक्रिय लगभग आधा दर्जन बिचैलिये व दलाल जो कि सैकड़ो की संख्या मे गैस कार्ड लेकर पहुंचते है उनके लेन देन को प्राथमिकता देते हुये सामान्य उपभेक्ताओं को कई घंटो तक लाईन मे खड़ा रखा जाता है इस संबंध मे आवाज उठाने पर गैस एजेंसी के कर्मचारी अभद्र व्यवहार करते हुये दादागिरी पर उतर आते है फ लस्वरूप सामान्य उपभेक्ताओं को वाजिब दर पर गैस नहीं मिल पा रहा है वहीं ज्यादातर गैस उपभेक्ता ओटीपी के चक्कर मे बैरंग लौटाये जा रहे है और जिनके गैस बुक किये जाते है उनको 5 दिन बाद भी भरी हुई गैस का सिलेण्डर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जबकि बिचैलिये व दलालो को तुरंत कर्मचारियों की मिली भगत व कमीशनखोरी के चलते मनमाने भरे हुये गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जा रहे है नाम न छापने की शर्त पर एक गैस दलाल ने बताया कि उसे यह छूट है कि बिना किसी नंबर व ओटीपी के वह 1100 रूपये मे लोगों को सहज रूप से बिना किसी परेशानी के गैस उपलब्ध करा रहा है। इस प्रकार का कृत्य भाटापारा के गैस एजेंसी मे एक लंबे समय से चल रहा है जिस पर लोगों ने कार्यवाही की पुनरू मांग करते हुये जिला कलेक्टर को इस गंभीर मसले पर कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। बताया जाता है कि भाटापारा खाद्य विभाग मे एक लंबे समय से अंगद की तरह पांव जमाये बैठे अधिकारी को गैस एजेंसी मे व्याप्त अव्यवस्था पर कार्यवाही करने की फु रसत नहीं है वहीं इस संबंध मे खाद्य निरीक्षक को उनका पक्ष जानने मोबाईल संपर्क किया गया तब उन्होने मोबाईल रिसीव करना भी उचित नहीं समझा फ लस्वरूप शहर मे बेधडक गैस की कालाबाजारी का क्रम जारी है।



**कर्मचारी आम गैस उपभोक्ताओं के रसीद काटने में हिला हवाला करते हैं**

## भाटापारा में जगह जगह सब्जी बाजार लगने से यातायात में अवरोध

### लोग हो रहे है परेशान, जानवर कर रहे है धींगा मस्ती

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे व्यवस्थित फु टकर सब्जी बाजार की निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है क्योकि इन दिनो पूरे शहर मे जिसका जहां मन पड़ रहा है वहां पर सब्जी बाजार लगाकर बैठ जा रहे है जिसके चलते आवागमन जहां बाधित हो रहा है वहीं यहां वहां जहां तहां हरी सब्जियो के बचत अवशेष व कूडा कचरा करकट को फें के जाने से चहुंओर अव्यवस्था व गंदगी का माहौल बन रहा है। वर्तमान मे सन 1935 से प्रारंभ हटरी बाजार सब्जी बाजार का शुरू छोटा पड़ जाने के कारण लोग वहां पर स्थाना भाव के चलते इधर उधर फु टकर सब्जी की दुकान लगाकर शहर मे चारो दिशाओं मे दुकानदारी कर रहे है जिसमे अधिकृत रूप से घोषित कृषि उपज मंडी के समीप स्थित बस स्टैड को कतिपय फु टकर सब्जी विक्रेताओं ने बलात कब्जा कर लिया है फ लस्वरूप संपूर्ण बस स्टैड का अंदरूनी परिसर सब्जी बाजार बन गया है वहीं सुभाष बाजार मे भी अनाधिकृत रूप से सब्जी दुकान लग रहा है इसी तरह गौरवपथ पार्ट 2 के एक हिस्से जो कि राम सप्ताह चैक से जय स्तंभ चैक होते हुये कांग्रेस भवन की ओर जाता है उक्त महत्वपूर्ण व व्यस्त सड़क पर भी यातायात जाम करते हुये खुलेआम सड़क पर सब्जी दुकान व फ ल के ठेले लगाये जा रहे है जिससे आवागमन मे भरपूर अवरोध उत्पन्न हो रहा है इसी प्रकार मंगलवार को हथनीपारा नवधा रामायण गेट से लेकर महावीर वार्ड व अन्य वार्डो की सड़क पर सब्जी बाजार लग रहा है इसी तरह शनिवार को सिटी सेंटर मॉल के सामने स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं हथनीपारा वार्ड के सड़क पर सब्जी बाजार लगाये जाने से मुख्य मार्ग के साथ साथ विभिन्न मोहल्लों के लिये जाने वाला रास्ता भी



बाधित हो रहा है इस प्रकार संपूर्ण शहर मे जगह जगह अव्यवस्थित रूप से सब्जी बाजार लगाये जाने की बढ़ती प्रवृत्ति से यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं हरी सब्जियो के कूडा करकट कचरो से गंदगी का व्यापक पैमाने पर फैलाव हो रहा है वहीं सब्जी दुकानदारो द्वारा बचत माल व सडे गले सब्जियो को यहां वहां फें के जाने से वहां पर जानवरो का अनावश्यक जमावड़ा लग रहा है और सड़े गले सब्जी खाने को लेकर आये दिन सांड व अन्य मवेशी लड़ाई करते रहते है जिससे राहगीरो को दुगुनी परेशानी से जूझना पड़ रहा है जनहित मे नगर मे व्यवस्थित फु टकर सब्जी बाजार का निर्माण जरूरी हो गया है उपयुक्त स्थल का चयन कर शासन प्रशासन इस दिशा मे गंभीरता से प्रयास करें ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## भाटापारा क्षेत्र में बारदाने की किल्लत के चलते खुले बाजार में बारदाना के भाव बढ़े

# धान संग्रहण केन्द्र में किसानों को पर्याप्त बारदाना नहीं मिल रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** क्षेत्र मे अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का कार्य चल रहा है। शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रो मे 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है लेकिन नवंबर के अंतिम सप्ताह मे पहुंचते पहुंचते धान खरीदी व्यवस्था मे लोचा उत्पन्न हो रहा है जिससे धान बेचने आये किसान हलाकान हो रहे है अनेक किसानो ने बताया कि उन्हे धान संग्रहण केन्द्र मे पर्याप्त बारदाना नहीं मिल रहा है जिसके कारण उन्हे खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे उंचे भाव पर खरीदकर संग्रहण केन्द्र तक अपना धान भरकर ले जाना पड़ा है एक ओर जहां कुछ धान खरीदी केन्द्रो मे पर्याप्त बारदाना मौजूद होने का दावा किया जा रहा है वहीं अनेक धान खरीदी केन्द्रो मे बारदाना की किल्लत के चलते किसानो को तीस से पचास फ ीसदी बारदाना स्वयं का लाने पर हीं धान खरीदने का प्रस्ताव दिया जा रहा है इस तरह धान खरीदी केन्द्रो मे उहा पोह की स्थिति निर्मित हो गई है। इस बीच शहर के दो दर्जन से अधिक छोटे बडे बारदाना दुकानो मे ग्राहकी का सैलाब उमड़ पड़ा है पूरी तैयारी से

**शहर के दो दर्जन से अधिक छोटे बडे बारदाना दुकानों में ग्राहकी का सैलाब उमड़ पड़ा है**

दीपावली के पहले बारदाना की भारी भरकम स्टॉक रखने वाले बारदाना व्यवसायी खुलकर अब बाजार मे सौदेबाजी के साथ उंचे रेट पर बारदाना बेच रहे है जो बारदाना 13 रूपये नग मे बिक रहा था वह अब एक तरफ ा जंप लेते हुये 20 रूपये से 25 रूपये प्रति नग पर धडल्ले से बिक रहा है धान खरीदी केन्द्रो मे बारदाने की किल्लत की वजह से संपूर्ण भाटापारा बाजार मे बारदाने के कारोबारी के यहां ग्राहकी का अंबार लगा हुआ है और तो और नये नवेले व्यापारी भी सड़क पर जगह जगह बारदाने का दुकान लगाकर खुलेआम उंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री धडल्ले से कर रहे है अनेक युवक व व्यापारी जो कल तक दूसरे व्यवसाय मे व्यस्त थे वे अब बारदाना बाजार मे कूद पडे है व नगद मे धडल्ले से किसानो को बारदाना बेचकर मालामाल हो रहे है इस प्रकार संपूर्ण बाजार मे बारदाना बाजार काफ ी उछाल पर है जिसमे अनेक व्यापारी बारदाना सप्लाई को लेकर पूरी तन्मयता से जुट गये है कई स्थानो पर तो उनके वर्कशॉप मे रात दिन मजदूर बारदाना सिलाई मे लगे है।

# ब्राजील में अध्ययन दल में राजाराम त्रिपाठी



**रायपुर/** भारत और ब्राज़ील के 75 वर्षों के कूटनीतिक संबंधों के उपलक्ष्य में, ब्राज़ील सरकार द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर एक महत्वपूर्ण अध्ययन दौरे का आयोजन किया जा रहा है। ब्राज़ील अध्ययन यात्रा दिसंबर 2024 का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सहयोग और व्यापार के नए अवसरों की पहचान करना और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। इस यात्रा में भारत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में से एक डॉ. राजाराम त्रिपाठी, देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बस्तर के डॉ. राजाराम त्रिपाठी भारतीय कृषि जगत के चर्चित चेहरों में से एक हैं। देश के सर्वश्रेष्ठ किसान राष्ट्रीय पुरस्कार पांच बार जीत चुके हैं। साथ ही भारत का सर्वश्रेष्ठ निर्यातक होने का भी सम्मान प्राप्त है। जिन्हें एमएफओआई 2023 सम्मान रिचेस्ट फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड प्राप्त है। ब्राज़ील दौरे में डां. त्रिपाठी ब्राज़ीलियाई कृषि विशेषज्ञों, संस्थानों, उच्चाधिकारियों और किसानों के साथ ज्ञान और अनुभव साझा करेंगे। ब्राज़ील की उन्नत कृषि तकनीकों और सतत कृषि पद्धतियों को समझकर, वे भारतीय किसानों के लिए नए अवसर और संभावनाएं तलाशने की दिशा में कार्य करेंगे।डॉ. त्रिपाठी न केवल कृषि क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि भारतीय कृषि की ताकत और संभावनाओं का प्रतिनिधित्व भी करेंगे।यह यात्रा भारतीय कृषि के लिए एक नई राह खोलेगी, वहीं डॉ. त्रिपाठी का अनुभव भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सशक्त रुप से खड़ा कर सकेगा।

# पटेल ने कहा यातायात नियमों का पालन करें

## अनावश्यक सड़क पर कब्जा व पार्किंग न करें

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे नवपदस्थ यातायात प्रभारी हेमंत पटेल ने लोगों से यातायात नियमो का पूर्णतरू पालन करने की अपील की है पटेल ने शहर के व्यस्त मार्गो का मुआयना करने के बाद कहा है कि लोगों को सड़क पर अतिक्रमण करके बोर्ड रखना सामान बिखेरना, आडे तिरछे वाहन रखना तथा प्रमुख मार्गो पर अनावश्यक रूप से बडे वाहन पार्किंग करने से बचना चाहिये ताकि यातायात व्यवस्था मे किसी भी प्रकार का रूकावट न हो इस दिशा मे उन्होने सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुये कहा है कि वे शासन के यातायात नियमो का पूर्णतरू पालन करे साथ हीं उन्होने दुपहिया वाहन चलाने वालो से भी अपील की है कि वे सक्षम कागजात रखकर वाहन चलावे इसके अलावा वाहन मे तीन सवारी चलने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने तथा बिना नंबर प्लेट की गाडी न चलाने हेड लाईट पर काली पटिटका लगाने के साथ साथ निर्धारित गति से अधिक स्पीड मे वाहन नहीं चलाने की अपील की है। हेमंत पटेल ने चैपहिया वाहन चालको को भी सभी नियम कानून का पालन करते हुये सीट बेल्ट के साथ वाहन चलाने का अनुरोध किया है साथ हीं उन्होने कहा है कि निर्धारित समय सीमा मे ही भारी वाहन को शहर मे प्रवेश करावें 24 घंटे वाहन प्रवेश शहर के भीतर न करावे तथा उन्होने दुपहिया वाहन मे मोडिफ ाई साईलेंसर लगाकर वाहन दौड़ाने वालो को चेतावनी भी दी है व कहा है कि यातायात नियमो मे किसी भी प्रकार की उदंण्डता बर्दाश्त नहीं की जायेगी साथ हीं दुपहिया वाहन चालक बढती हुई सड़क दुर्घटना को मददेनजर रख हेलमेट लगाकर हीं वाहन चलावें उन्होने नगर के तमाम बुद्धिजीवियों व पालको से अनुरोध किया है कि वे नाबालिग लोगों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाने के लिये न देवें खासकर कम उम्र के स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को उन्होने यातायात नियमो के तहत वाहन न चलाने की अपील भी की है।

# कुख्यात बदमाशों की कार्यवाही में जिला बदर का अपराधी जिला में घूमते मिला, मणिपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** सरगुजा में आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि दिनांक 18/11/24 कों थाना मणीपुर पुलिस टीम कों जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि जिला बदर हुआ व्यक्ति बाबुपारा मणीपुर निवासी आदित्य यादव उर्फ़ लल्ला आस पास मे घूम रहा हैं, सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बाबुपारा बीएसएनएल ऑफिस के पास पहुचे जहा आदित्य यादव उर्फ़ लल्ला मिला,आरोपी से पूछताछ किये जाने पर अपना नाम आदित्य यादव उर्फ़ लल्ला आत्मज सुदामा यादव उम्र 25 वर्ष साकिन बाबुपारा मणीपुर का होना बताया पुलिस टीम द्वारा आरोपी से जिला बदर होने के बावजूद प्रतिबंधित जिलों में प्रवेश करने के पूर्व पुर्वानुमति होने अथवा वैध दस्तावेज की मांग की गई जो अनावेदक द्वारा कोई वैध दस्तावेज या पूर्वानुमति पेश नहीं किया आरोपी आदित्य यादव साकिन बाबुपारा थाना मणीपुर के द्वारा जिला दण्डाधिकारी सरगुजा छ.ग. के आदेश की अवहेलना कर जिला बदर होने के बावजूद बिना वैध अनुमति जिला प्रवेश कर जिले मे घूमते मिलना पाये जाने पर एवं आमनागरिकों मे छोभ उत्पन्न किये जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना मणीपुर मे अपराध क्रमांक 356/24 धारा 233 बी.एन.एस. एवं छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मणीपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक बबलू कुजूर, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा, कुश सोनी शामिल रहे।

### प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की तस्करी

# सरगुजा पुलिस की कार्यवाही, आरोपी के कब्जे से 40 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन किया गया जप्त

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा। सरगुजा पुलिस द्वारा प्रतिबंधित मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले संदेहियो/आरोपियों पर लगातार सख़्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं।**

इसी क्रम के दिनांक 29/11/24 कों थाना कोतवाली पुलिस टीम कों दौरान पेट्रोलिंग भगवानपुर शराब भट्टी रोड़ मे रोड़ किनारे पीपल पेड़ के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो अपने पीठ मे काले रंग का पिट्ठू बैग टांगा था, उक्त युवक मौके पर पुलिस पेट्रोलिंग टीम कों देखकर बड़ी तेजी



से अपने कब्जे मे रखे बैग कों लेकर झाड़ियों मे छुपने का प्रयास करने लगा, उक्त व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध होने संदेही की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम शैलेन्द्र सिंह उर्फ़ रेम्बो उम्र 30 वर्ष साकिन गांधीनगर हनुमान मंदिर के पास थाना गांधीनगर का होना बताया, आरोपी से लुकने छिपने का कारण पूछने पर

**आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन सहित कुल 2 नग सिरिंज एवं 2 नग निडील किया गया जप्त।**

**अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध सरगुजा पुलिस का अभियान आगे भी निरंतर रहेगा जारी।**

संतोषप्रद जवाब नही दिया गया, जो पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही के कब्जे मे रखे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग मे रखे कुल 40 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन मात्रा 80 एम.एल. , 02 नग सिरिंज, एवं 02 नग निडील जप्त किया गया, आरोपी से जप्त नारकोटिक्स युक्त प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया एवं सदर धारा का अपराध घटित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 706/24 धारा 22 (सी) एन. डी. पी. एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपी आदतन किस्म का हैं, आरोपी के विरुद्ध पूर्व मे भी अवैध नशीले इंजेक्शन की तस्करी का मामला दर्ज हुआ था। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक ललन प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक मुकेश गुप्ता, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक पवन यादव, ऋषभ सिंह सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

**थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही, आरोपी के विरुद्ध पूर्व मे भी अवैध नशीले इंजेक्शन की तस्करी का मामला हुआ था दर्ज।**

**आरोपी के कब्जे से जप्त प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन कुल कीमती लगभग 40000/- रुपये किया गया बरामद।**

# नशे की प्रवृत्ति सभी को छोड़ने की जरूरत है-योगेश पटेल

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा। सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान् में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के द्वारा ग्राम खैरबार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




सरगुजा पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.)ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशे की प्रवृत्ति सभी को छोड़ने की जरूरत है।नशे से किसी एक सदस्य का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की बर्बादी होती है।नशे से दूर रहने की आदत सभी डालें। तभी परिवार एवं समाज का भला होगा। नशामुक्त समाज बनाने में सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों के द्वारा संचालित नवा बिहान जन-जागरूकता अभियान एक अभिनव पहल है। पुलिस के द्वारा नशा के कारोबारियों पर उचित कार्यवाही की जा सकती है। पर समाज से नशा दूर करने के लिए सभी को आगे आना पड़ेगा। विद्यार्थीगण इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अपने घर में माता-पिता को बताएं कि नशे से क्या -क्या नुकसान होता है।समाज में नशापान करने वालों को सम्मान भी नहीं मिलता है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों ने खुलकर ग्राम में चल रहे नशे के कारोबार के संबंध में बताया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने आश्वासन दिया है कि नशे के कारोबारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी।

वरिष्ठ समाजसेविका सुश्री वन्दना दत्ता ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के द्वारा संचालित गतिविधियों के संबंध में बताया । बच्चों को हमेशा नशे से दूर रहने के लिए समझाया । वरिष्ठ समाज सेवी संयोजक नवा बिहान मंगल पाण्डेय ने कहा कि नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के द्वारा किए जा रहे सतत् प्रयास का सकारात्मक परिणाम सरगुजा जिले में दिख रहा है ।साथ ही




बच्चों के व्यक्तित्व विकास में नशा सबसे बड़ा बाधक है। अतः आप सभी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी के द्वारा नशे से होने वाली बुराईयों को अवगत कराते हुए, आवश्यक कानूनी जानकारी दिया गया। नई दुनिया सरगुजा के ब्यूरो चीफ अनंग पाल दीक्षित ने ग्राम खैरबार में नशे से होने वाली सामाजिक बुराईयों से सभी को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय से आग्रह किया गया कि पुलिस एवं नवा बिहान की टीम अभियान सतत् जारी रखते हुए इस पंचायत को नशा मुक्त करें।इस अभियान में ग्रामीणों एवं मीडिया का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता समन्वयक नवा बिहान अनिल कुमार मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन स्कूल की प्रभारी प्राचार्या अनिता दान ने किया। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच बसंती मिंज, योगेन्द्र मिंज,उप सरपंच आदिप एक्का, ग्राम सचिव हरि सिंह , पूर्व सरपंच धरम साय, सामाजिक कार्यकर्ता सुनिधि शुक्ला,हिना खान,शिक्षक रमाशंकर तिवारी,कमलेश सिंह, अजित सिंह, आराधना जायसवाल, विनिता गुप्ता सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# किसानों की सुविधा के लिए सभी 54 केंद्रों में रखी जाए शिकायत पंजी, होगी मॉनिटरिंग - कलेक्टर भोसकर

## कलेक्टर ने एक दिन में उदयपुर-लखनपुर विकासखंड के लगभग आधा दर्जन धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, खरीदी और भुगतान सहित अन्य सुविधाओं पर सीधे किसानों से की बात





ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने सोमवार को उदयपुर और लखनपुर विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लगभग आधा दर्जन धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और धान खरीदी की जानकारी ली। कलेक्टर श्री भोसकर ने लखनपुर धान खरीदी केंद्र में किसानों से खरीदी और भुगतान पर बात की। उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए सभी 54 धान खरीदी केंद्रों में शिकायत पंजी रखी जाए जहां किसान अपनी भुगतान, विक्रय अथवा अन्य किसी भी तरह की समस्या दर्ज कर सकेंगे। कलेक्टर स्वयं इस पंजी के संधारण की मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने इस दौरान हम्मालों से भी बात की और काम की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के साथ इलेक्ट्रॉनिक कांटा की पूजा अर्चन कर धान खरीदी की शुरुआत की और किसानों से धन विक्रय के बाद राशि भुगतान होने पर भुगतान की जानकारी से अवश्य अवगत कराने की बात कही। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के 72 घंटे में भुगतान किसान के खाते में कर दिया जाता है।





**चांदो समिति में महिला किसान के साथ टोकन कटने तक खड़े रहे कलेक्टर, देखी टोकन कटने की पूरी प्रक्रिया, अंगूठा लगाने के बजाय हस्ताक्षर करने किया प्रोत्साहित**

इसी तरह कलेक्टर ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चांदो में अपने समक्ष इलेक्ट्रॉनिक कांटा के कैलिबरेशन की जांच कराई। निरीक्षण के दौरान समिति में टोकन कटाने आई महिला किसान कुन्ती से कलेक्टर ने बात की। कलेक्टर ने स्वयं उनके साथ कांउटर से टोकन की पूरी प्रक्रिया देखते हुए टोकन लिया। इस दौरान ऑनलाइन एप के माध्यम से भी टोकन कटाने की सिस्टम की जानकारी ली। टोकन की पूरी प्रक्रिया उपरांत हस्ताक्षर की जगह जब महिला किसान अंगूठा लगाने लगी तो कलेक्टर ने अंगूठे की बजाय स्वयं के हस्ताक्षर करने हेतु प्रोत्साहित किया और इस पर महिला किसान ने प्रेरित होकर अपने हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र सलका, खम्हरिया और उदयपुर में भी पहुंचकर धान खरीदी कार्य का जायजा लिया और किसानों से सीधे संवाद किया। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों में बनाए गए किसान कुटीर को कार्यशील रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को शिकायत पंजी की जानकारी दी और अपनी समस्या अवश्य साझा करने कहा। उन्होंने धान खरीदी से जुड़े कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने निर्देशित किया।

**प्राथमिक शाला यादवपारा में बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन, निर्माणाधीन पीएम आवास, स्कूलों, आश्रमों का किया निरीक्षण**

कलेक्टर श्री भोसकर ने शुक्रवार को निरीक्षण की कड़ी में विभिन्न स्कूलों, छात्रावासों और आश्रम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आदर्श प्री मेट्रिक बालिका छात्रावास लखनपुर का निरीक्षण कर सुरक्षा की दृष्टि से उपलब्ध संसाधनों सीसीटीवी, महिला गार्ड की जानकारी ली। उन्होंने रैंडमली सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में स्थित पुराने भवन के मरम्मत हेतु आरईएस के माध्यम से इंजीनियर द्वारा निरीक्षण के निर्देश दिए। इसी तरह प्राथमिक शाला चांदो, प्राथमिक शाला यादवपारा तुनगुरी का निरीक्षण किया। यहां मध्यान्ह भोजन करते बच्चों के साथ स्वयं भी कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर भोजन किया। कलेक्टर द्वारा इस पहल से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आया है। कलेक्टर ने इसके बाद शासकीय आदिवासी बालक आश्रम तुनगुरी का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने प्रशासनिक अमले के साथ पीएम श्री प्राथमिक शाला सलका और बालिका छात्रावास सलका में भी निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न हितग्राहियों के निर्माणाधीन पीएम आवास का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने हितग्राहियों से बात कर आवास निर्माण कार्य में शीघ्रता लाने की अपील की।

इस दौरान उन्होंने पहाड़ी कोरवा बासाहाट कपसरापारा, तुनगुरी में पीवीटीजी ग्रामीणों से मुलाकात की और गरम कपड़े वितरित किये, उन्होंने बुजुर्गों से पेंशन और राशन मिलने की भी जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, एसडीएम उदयपुर श्री बनसिंह नेताम, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक सिन्हा, जिला खाद्य अधिकारी श्री चित्रकांत ध्रुव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल श्री प्रकाश गुप्ता, डीएमओ श्री अरुण विश्वकर्मा सहित खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शादी विवाह सहित मांगलिक कार्य के लिये सीमित समय, खरमास 14 से

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** देवउठनी एकादशी के बाद से शहर व क्षेत्र मे वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो गये है जिसके चलते बाजार मे जहां चहल पहल का वातावरण बना हुआ है वहीं नगर मे बाजा गाजा एवं ध्वनि प्रसार यंत्र की वजह से लगने लगा है कि शादी विवाह व अन्य शुभ कार्य धडल्ले से हो रहे है। नवंबर माह मे अब 22 नवंबर के अलावा 25, 26, 27 एवं 28 नवंबर तक विवाह के लिये शुभ मुहुर्त है वहीं साल के अंतिम माह दिसंबर मे 2, 3, 4 दिसंबर के बाद 6, 7 दिसंबर एवं 10, 11 दिसंबर को विशेष मुहुर्त है। 14 दिसंबर को आखिरी शुभ मुहूर्त है जिसके तहत 14 दिसंबर को शाम 6 बजे तक वैवाहिक मुहुर्त है उसके पश्चात खरमास के कारण फि र से सभी मांगलिक कार्यो मे रोक लग जायेगा। उक्त खरमास 15 दिसंबर को रात 10 बजे से लग जायेगा जो 1 माह तक रहेगा खरमास के दौरान सभी मांगलिक कार्य रूक जायेंगे क्योकि



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खरमास की अवधि मे शुभ व मांगलिक कार्य करना अशुभ माना जाता है इस एक माह के दौरान शुभ विवाह, मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश, दुकान मकान की खरीदी, उप नयन संस्कार सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्य बंद रहेंगे और तो और खरमास मे वैवाहिक गठबंधन के तहत सगाई जैसे कार्य को भी निषेध माना गया है। वहीं इस अवधि मे बहु या बेटी की बिदाई करना भी शुभ नहीं माना गया है खरमास की समाप्ति नये वर्ष 2025 मे उस वक्त होगा जब सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करेगा और मकर संक्रांति के बाद 14 जनवरी से खरमास की समाप्ति होते हीं शुभ विवाह, मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश, दुकान मकान की खरीदी, उप नयन संस्कार सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्य प्रारंभ हो सकेगा। खर मास के दौरान आम आदमी को भगवान की पूजा भजन करने तथा विष्णु शंकर की आराधना करने की सलाह देते हुये ज्योतिषियो ने यह भी कहा है कि इस दौरान अधिक से अधिक गरीब वर्ग के व्यक्तियो की सेवा सत्कार करना चाहिये।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सड़क निर्माण एवं सुधार के लिए लिखा पत्र

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा ।** छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अंबिकापुर-सूरजपुर-बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-43) को दो लेन से फोर लेन में विस्तारित करने और इस मार्ग पर अंबिकापुर (जिला सरगुजा) के गांधी चौक से लेकर सूरजपुर जिले के पार्वतीपुरम गांव स्थित कुम्दा मोड़ तक बने बड़े-बड़े गड्ढों की जल्द



मरम्मत कराने का आग्रह किया है। मंत्री राजवाड़े ने पत्र में लिखा है कि इन गड्ढों के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है और कई घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने बार-बार इस समस्या को उनके सामने रखा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा, इस कार्य के लिए मैं और समस्त क्षेत्रवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इसके साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, को



भी पत्र लिखकर एनएच-43 पर गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

मंममंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा, जनता की समस्या को समझना और उसे हल करना हमारी प्राथमिकता है। डबल इंजन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में कोई देरी नहीं होने देगी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों की सुरक्षा के लिए यह कार्य अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न नहीं होने देगी। क्षेत्र के विकास और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, वह जनता की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं।

# राशि त्रिवेदी एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70 वें राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर मे भाटापारा की राशि त्रिवेदी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे शामिल किया गया है। उक्त छात्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भाटापारा के गुरूकुल स्कूल मे पूर्ण की व आगे की शिक्षा उन्होने बिलासपुर से हासिल की है वर्तमान मे वे छत्तीसगढ प्रांत की सह मंत्री है राशि त्रिवेदी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनने पर भाटापारा विद्यार्थी परिषद के सोमेश सिन्हा, राहुल मिर्झा, धनंजय सोनी, शुभम चतुर्वेदी, संजू मारकंडे, गुलशन, सौरभ, तृप्ति साहू, निशा गुप्ता, साक्षी निर्मलकर, डिम्पल




निर्मलकर, गौरव शर्मा, पायल पाल, उत्तरा साहू व सुशांत नवरंगे सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# दो दो मुख्यमंत्रियों के घोषणा के बावजूद भाटापारा को नहीं मिला अपर कलेक्टर का पूर्णकालिक कार्यालय और अब कैम्प कार्यालय की घोषणा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के लगातार तीन कार्यकाल मे मुख्यमंत्री रहे डॉ.रमन सिंग ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरेंगा मे आयोजित एक सभा मे भाटापारा मे पूर्णकालिक अतिरिक्त कलेक्टर का कार्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की थी उक्त घोषणा को लगभग 15 वर्ष हो रहे है इस बीच छत्तीसगढ राज्य मे मुख्यमंत्री के रूप मे डॉ.रमन सिंग ने तीसरा कार्यकाल पूर्ण करने के बाद हुये आम चुनाव मे अपनी सरकार की सत्ता को खो दिया था उनके स्थान पर प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार के मुख्यमंत्री के रूप मे भूपेश बघेल पदस्थ थे जिन्होने सन 2023 मे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र



के ग्राम कड़ार मे आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम के बाद आयोजित सभा मे सार्वजनिक रूप से भाटापारा मे अतिरिक्त जिलाधीश कार्यालय प्रारंभ करने की दुबारा घोषणा कर दी उसके बावजूद भी आज तक भाटापारा शहर मे पूर्णकालिक अपर कलेक्टर कार्यालय व स्टाफ की नियुक्ति व प्रारंभ नहीं हो सका है। जबकि एक अरसे से अपर कलेक्टर का कार्यालय भवन बनकर तैयार है और वह देख रेख के अभाव मे तालाबंदी का शिकार होकर जर्जर होने की ओर आगे बढ रहा है जबकि नियम कायदे से उक्त अपर कलेक्टर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हो जाना था लेकिन किसी भी राज नेताओं ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है जबकि दो दो जवाबदार पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल मे भाटापारा को अतिरिक्त कलेक्टर का सौगात देकर खूब वाहवाही लूटी है यह क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि भवन बन जाने के बाद भी अपर कलेक्टर व स्टाफ की पूर्णकालिक नियुक्ति अब तक नहीं हुई है इस बीच जिला कलेक्टर ने एक नई व्यवस्था के तहत सप्ताह मे दो दिन अपर कलेक्टर का कैम्प कार्यालय शुरू करने का निर्देश जारी किया है जबकि मुख्यमंत्री जैसे जवाबदार पद मे बैठे लोगों द्वारा घोषित एडिशनल कलेक्टर का कार्यालय पूर्णकालिक रूप से प्रारंभ हो जाना चाहिये।

# बढ़ती ठंड के साथ भाटापारा क्षेत्र से बड़ी तादाद में जा रहे हैं लोग पर्यटन व धर्म स्थल की ओर, क्षेत्र में चौपहिया वाहनों की भारी बुकिंग जोरों पर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** बढती ठंड के साथ हीं पिकनिक स्पाट पर घूमने जाने वालो का सैलाब उमड़ पड़ा है। फ लस्वरूप नगर के सड़क मार्ग पर विशेष बुकिंग मे चलने वाले लगभग चार दर्जन से अधिक चैपहिया वाहन के अलावा अनेक निजी कंपनियो के बसों के माध्यम से भाटापारा क्षेत्र के लोग बडी तादाद मे पिकनिक मनाने शहर से बाहर जा रहे है ज्यादातर पिकनिक स्पाट जाने वालो मे मध्यम बजट के लोग अमरकंटक, खूंटाघाट, रतनपुर, मैहर, चैतुरगढ, भेरमदेव कवर्धा, राजिम, चंपारण, जतमई, घटारानी, तुरतुरिया, सिद्धखोल, बारनयापारा, जंगल सफ ारी, कौशल्या धाम के



अलावा प्राकृतिक सुंदरता से अच्छादित बालोद, नारागांव पहाड़ी, सिया देवी मंदिर बालोद तथा बालोद के हीं प्राकृतिक झरना वाले झोलबाहरा, तुमनाला स्थल के अलावा, गंगरेल बांध, लखना गांव के पास स्थित खारून शिवनाथ संगम स्थल सोमनाथ जहां पर स्वयंभू शिवलिंग स्थित है। वहीं बस्तर के दंतेवाड़ा, कांगेर वैली नेशनल पार्क, चित्रकोट जलप्रपात, कोटमसर गुफ ा मिचनार हिल्स, दलपत सागर, तीरथगढ जलप्रपात सहित लक्ष्मण मंदिर सिरपुर एवं धार्मिक स्थल शिवरीनारायण के अतिरिक्त कोरबा के नजदीक सतरेंगा, बुका देवपहरी, रानी झरिया की ओर जा रहे है वहीं बहुत से लोग सहपरिवार सरगुजा संभाग के शिमला के नाम से मशहूर मैनपाट की ओर रवाना हो रहे है मैनपाट के अलावा उल्टापानी जल जली टाईगर पॉइंट की ओर प्राकृतिक सुंदरता का नजारा देखने बडी तादाद शहरवासी बढती ठंड के बीच पिकनिक स्पाट के लिये रवाना हुये है। यह क्रम रविवार से शुरू हो गया है जो आने वाले नये साल 2025 के प्रथम सप्ताह तक चलेगा इसी प्रकार विभिन्न यात्री ट्रेनो के माध्यम से भी बडी तादाद मे लोग वृंदावन, मथुरा, कांशी, अयोध्या, बनारस, उज्जैन, द्वारिकाधीश, सोमनाथ गुजरात, त्र्यंबकेश्वर नासिक, जम्मू कटरा, शिरडी, मुंबई, गोवा, मनाली शिमला, उटी, जयपुर, रामेश्वरम, चेन्नई, मदुरै, जगन्नाथ पुरी, गंगासागर, विशाखापटनम के आलावा अन्य स्थानो के लिये रवाना हुये। इस प्रकार सड़क मार्ग व रेल मार्ग के अलावा हवाई मार्ग से भी लोग बडी तादाद मे विदेश सैर सपाटे के लिये रवाना हुये। बडी संख्या मे छात्र-छात्रा विभिन्न वन्य अभ्यारण्य जिसमे रणथंभौर, कान्हा केशली, अचानकमार, सीतानदी उदंती टाईगर रिजर्व सहित अन्य वनांचल की ओर जाने के लिये भी तैयार है और दिसंबर के महीने मे वे भी बडी तादाद मे निकलेंगे इस तरह नवंबर के आखिरी सप्ताह से लेकर पूरे दिसंबर एवं जनवरी के प्रारंभ तक लोगों का भ्रमण पर्यटन व मनोरंजन के लिये बाहर जाने का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से मंडी के समीप दाल भात केन्द्र प्रारंभ हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी के समीप स्थित शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा के पास पांच रूपये मे भरपेट भेजन की व्यवस्था हेतु संचालित दाल भात केन्द्र का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने किया। उक्त श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिको के लिये मात्र पांच रूपये मे भरपेट भेजन उपलब्ध होगा। शुभारंभ अवसर पर स्वयं शिवरतन शर्मा ने श्रमिको के साथ बैठकर भेजन ग्रहण किया उक्त अवसर पर उन्होने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओ की जानकारी देते हुये कहा कि श्रम विभाग से जुडे कुल 03 मंडल अंतर्गत 72 योजनायें संचालित है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी योजनाओं मे हितग्राहियों को सामाग्री प्रदान करने के बजाय सीधे उनके खाते मे राशि देने की पहल की है इससे हितग्राहियो को सीधा लाभ पहुंच रहा है इसी तारतम्य मे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पूरे प्रदेश मे गरीबो के कल्याण के लिये अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमे श्रम विभाग की अनेक योजना श्रमिको के लिये बनाई गई है। छत्तीसगढ शासन की तमाम योजनाओं का लाभ सभी श्रमिक वर्ग को मिले और कोई भी शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिये जागरूकता के साथ इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की दिशा मे श्रमिक भाईयों को बेहिचक आगे आकर लाभ उठाना चाहिये। उन्होने कृषि उपज मंडी के नजदीक दाल भात केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कहा कि इस योजना मे प्रत्येक गरीब मजदूरो को किफ ायती दर मे दाल भात केन्द्र के जरिये भेजन प्राप्त होगा। शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश मे महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को एक साल मे 12 हजार रूपये का लाभ दिया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान सुनील यदू, राकेश तिवारी, योगेश अनंत, राजा कामनानी, उमाशंकर वर्मा, महाबल बघेल, सतीश साहू, मुकेश साहू, चेतन वर्मा, मधु सोनी व आयशा खान सहित बडी संख्या मे अन्य लोग के साथ साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक व आम नागरिक उपस्थित थे।

# भाटापारा पालिकाध्यक्ष ने पीआईसी व सलाहकार समिति को किया भंग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** नगर पालिका चुनाव को लेकर अंदरूनी तौर पर एक ओर जहां तैयारी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओ द्वारा की जा रहीं है वहीं अभी तक राज्य शासन द्वारा कोई अधिकृत अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इस बीच प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका परिषद के निर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती सुनीता गुप्ता ने सोमवार को लिखित आदेश जारी करते हुये प्रेसिडेंट इन काउंसिल एवं सलाहकार समिति को भंग कर दिया है। इस आशय के निर्देश उन्होने जारी करते हुये मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफ र खान को उक्त आदेश के क्रियान्वयन के लिये पत्र भी जारी किया है। मौजूदा पालिका के प्रेसिडेंट इन कार्उसिल मे अध्यक्ष सुनीता गुप्ता के अलावा उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा तथा लोक निर्माण विभाग सभापति सुशील सबलानी, जल एवं जल प्रदाय विभाग सिरीज जांगडे, बाजार एवं राजस्व विभाग दीपक निर्मलकर, महिला एवं बाल विकास श्रीमती श्वेता मिश्रा तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग सभापति रोहित साहू पदस्थ थे और वे सभी प्रेसिडेंट इन काउंसिल के तहत कार्यरत थे लेकिन सोमवार को पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने एक सूचना जारी कर अपने प्रभाव से उक्त कांउसिल को भंग कर दिया है जिसके बाद अब पालिका मे कोई कांउसिल कार्यरत नहीं है। इस बीच चुनावी जनचर्चा है कि पालिका का चुनाव अतिशीघ्र राज्य शासन एवं चुनाव आयोग द्वारा घोषित किये जाने की उम्मीद है संभवतरू नये चुनाव जिसमे पालिकाध्यक्ष व वार्ड पार्षदों के चुनाव होने है वे जनवरी 2025 मे हो सकते है ऐसी संभावना राजनीतिक क्षेत्रो मे व्यक्त की जा रहीं है।

# कोचियों एवं बिचौलियों के कब्जे से अवैध धान जब्त

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ शासन खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से धान उर्पाजन केन्द्रो मे पंजीकृत किसानो का 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ है यह कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के दौरान कोचिये एवं बिचैलियों द्वारा धान का अवैध संग्रहण एवं दूसरे किसानो के नाम पर सहकारी समिति के धान विक्रय रोकने हेतु सतत निगरानी कार्य करने के लिये प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड रायपुर तथा जिला कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है इसके लिये जांच दल के साथ साथ उडनदस्ता टीम का गठन भी किया गया है। इसी परिपेक्ष्य मे कृषि उपज मंडी के सचिव शत्रुघन लाल वर्मा द्वारा भाटापारा मंडी क्षेत्रांतर्गत सतत निगरानी करने हेतु निर्देश जारी किया गया है जिसमे मंडी निरीक्षक व मंडी उप निरीक्षक मंडी अधिनियम की धारा 19 - 4 के तहत कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से भंडारित करने वाले कोचिया व फु टकर व्यापारियो से कुल 06 प्रकरणों मे 128.92 क्विंटल धान जब्त किया गया है उक्त धान का जब्ती नामा बनाते हुये प्रकरण दर्ज कर लिया गया है उक्त कार्यवाही मे कृषि उपज मंडी निरीक्षक निशा सिंग, प्रफू ल्ल मांझी, बालगोविंद कश्यप, सत्यनारायण यादव, श्याम लाल साहू, उमेश शर्मा व गोविंद रजक सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुड़ाघाट स्कूल में स्वेटर पाकर छात्र-छात्रा गदगद हुये



**भाटापारा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुडाघाट में श्रीमती वर्षा सत्यजीत पैकरा ने स्कूल मे अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर निरू शुल्क स्वेटर भेंटकर प्रशंसनीय कार्य किया है। स्कूल मे उक्त अवसर पर एबीईओ भास्कर चंद देवांगन, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश ध्रुव, ईश्वर प्रसाद साहू, रूपेश मरकाम, दिलीप प्रसाद पटेल, श्रीमती वर्षा पैकरा, देव सिंग ध्रुव, पूनमचंद साहू, नमेश नेताम, सुनील यादव, उपसरपंच दौलत राम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बढती ठंड के बीच स्वेटर पाकर छात्र-छात्राओं के मन मे खुशी का इजहार होने लगा व सभी ने वर्षा पैकरा के प्रति आभार प्रकट किया है।

### कालेज में रक्तदान शिविर संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे एचडीएफ सी बैंक एवं रेडक्रास समिति के संयुक्त तत्वाधान मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मे 26 छात्रो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। उपरोक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य आनंद मिंज के अलावा डॉ. शशिकिरण कुजुर, डॉ. प्रीति सोनी, डॉ. नवनीत द्विवेदी, इन्द्राणी मरकाम, डॉ. सुमित पन्त, डॉ. दीपक यादव, ईश्वर अनंत, डॉ. दीपिका त्रिपाठी एवं डॉ. राजन तिवारी सहित छात्र-छात्रायें बडी तादाद मे उपस्थित थे।

### कांग्रेस सेवादल ने झंडोत्तोलन किया



**भाटापारा।** स्थानीय जय स्तंभ चैक मे कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवादल के सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने जय स्तंभ चैक से लेकर कांग्रेस भवन तक सेवादल के नारे लगाते हुये कांग्रेस भवन पहुचे कांग्रेस भवन मे कांग्रेसियो ने बैठक कर आगामी नगर पालिका चुनाव पंचायत चुनाव व अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया। बैठक मे अरूण यदू, आशीष वर्मा, देवी प्रसाद तिवारी, सतीश गेंदले, ओमप्रकाश यदू, शशांक बंजारे, कृष्णा टंडन, कमला खूंटे, महेन्द्र साहू, कीरत वर्मा, अशोक साहू, चेतन मानिकपुरी, पप्पू यदू, दीपक जांगडे, सुमित्रा बाई कुर्रे, ईश्वर सेन, गुडडा दास मानिकपुरी, अमन मानिकपुरी, कमली खूंटे, नीलबाई रात्रे, बिसमत बाई जांगडे, मंजू वर्मा, फ ागू ध्रुव, भुलिन बाई व महेशिया विश्वकर्मा सहित बडी संख्या मे अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिवरतन शर्मा ने किया सामुदायिक मंगल भवन का उद्घाटन



**भाटापारा।** शहर से नौ किलोमीटर दूर ग्राम दावनबोड़ मे मे नवनिर्मित सामुदायिक मंगल भवन का फ ीता काटकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने उदघाटन किया। उक्त मंगल भवन 15 वें वित्त मद की स्वीकृत राशि छह लाख पचास हजार रूपये की लागत से किया गया है। उक्त मंगल भवन मे बढते कदम महिला स्व. सहायता समूह की मासिक बैठक आयोजित की गई। उपरोक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिये सभी संसाधनो से परिपूर्ण यह भवन महिलाओं की सुविधा के लिये बनाया गया है। उक्त अवसर पर सरपंच गोविंद वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, केजुराम बघेल, सुनील यदु, आंनद यादव, सोहनलाल वर्मा, धनुष, कल्याण, नन्दू वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, योगेंद्र वर्मा, बिष्णु प्रसाद वर्मा, लक्ष्मीनाथ, खोरबाहरा वर्मा, मनहरण, निकेश, विश्वकर्मा, सुकालू यादव, मनोज साहू, श्रीमती मीनादेवी वर्मा, कल्याणी ध्रुव, मधु, राजकुमारी, तोमेश्वरी, रामबाई, तुर्किया, तीजेश्वरी साहू, नोमेश्वरी व गंगाबाई वैष्णव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अतिक्रमण से सड़क यातायात बाधित

## पालिका प्रशासन कार्यवाही करें

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। शहर मे लगातार अतिक्रमण का क्रम बढते जा रहा है जबकि पूर्व की तुलना मे सड़क पर वाहनो की संख्या मे लगातार इजाफ ा हुआ है शहर के मुख्य मार्ग शहर थाना के सामने से लेकर सदर बाजार, गोविंद चैक, पंचायती मंदिर, जैन मंदिर होकर महासती मंदिर की ओर होते हुये बस स्टैड कालेज मार्ग की ओर जाने वाली प्रमुख सड़क पर निरंतर हो रहे अतिक्रमण से यातायात पूरी तरह चींटी की चाल मे चलने लगा है।**






फलस्वरूप बस स्टैड से रेल्वे स्टेशन की ओर आगे की यात्रा के लिये ट्रेन पकड़ने के लिये आने जाने वालो को परेशानी से जूझना पड़ रहा है यातायात जाम के चक्कर मे अधिकांश रेल यात्रियों की ट्रेनें छूट रहीं है क्योकि वे टेकृन मे बैठने के लिये जब बस स्टैड से तिनपहिया बैटरी चलित वाहन या ऑटो मे सवार होकर या फि र अपने निजी वाहनो मे सवार होकर रेल्वे स्टेशन की ओर निकलते है तब महासती मंदिर के बाद से पूरे शहर थाना तक की सड़को पर लगे जाम से उन्हे परेशानी मे फं सकर आगे रेल्वे स्टेशन तक किसी तरह पहुंचना पड़ता है इस बीच ज्ञात होता है कि उसकी ट्रेन भाटापारा स्टेशन से छूट चुकी है यह वाक्या रोजमर्रा का बन गया है उसके बावजूद प्रशासन कुम्भकरणी नींद मे सोया हुआ है इस मुख्य मार्ग पर सड़क पर जगह जगह हाथ ठेले के अलावा लोगों के वाहन एवं विभिन्न दुकानो के सामान बर्तन, कपड़ा, पाटा तथा स्कू ल बैग एवं प्रचार प्रसार के बोर्ड रखे जाने से सड़क की चैड़ाई जहां कम हो गई है वहीं लोग बेखौफ होकर नालियों को ढंकते हुये डुप्लीकेट नाली आगे आकर बना रहे है और पुराने जगहो पर सड़क पर सरेआम कब्जा करते हुये दुकान काम्पलेक्स निकाल रहे है हॉटल रायल इन के समीप बंद पडे शहनाई होटल के पास पास तो सड़क पर दुकान व काम्पलेक्स निर्माण पालिका प्रशासन को चुनौती दे रहा है लेकिन अब तक किसी भी प्रशासनिक अमले ने इस ओर ध्यान नहीं दिया परिणाम स्वरूप मुख्य मार्ग यातायात के लिये बाधित हो रहा है।

इसी प्रकार की स्थिति हटरी बाजार रेल्वे फ ाटक से लेकर अनाज लाईन होते हुये गोविंद चैक रामसप्ताह चैक जय स्तंभ चैक होकर कांग्रेस भवन तक आने वाली सड़क मे हीं उत्पन्न हो गई है जहां आये दिन यातायात जाम से लोग त्रस्त हो गये है। इसी प्रकार के हालात विश्रामगृह से तरेंगा नाका तक के मार्ग मे भी सड़क पर जगह जगह बिल्डिंग मटेरियल्स रखे जाने तथा दुकानो के सामान व बोर्ड रखे जाने से यातायात बाधित हो रहा है। पालिका प्रशासन को सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने ठोस कदम उठाना चाहिये ताकि सड़क पर सुचारू रूप से लोग आवाजाहीं कर सके।

# दानवीर दाउ कल्याण सिंग की बहुमूल्य धरोहर कल्याण सागर का अस्तित्व खतरे में

## *तालाब का पानी गंदगी व बदबू एवं जलकुंभी से पटा, लोग हलाकान*

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। नगर के ऐतिहासिक महत्व के अति प्राचीन कल्याण सागर तालाब इन दिनो गंदगी बदबू व जलकुंभी से अटा पड़ा है संपूर्ण तालाब क्षेत्र मे अवैध कब्जा बेखौफ होने से कल्याण सागर तालाब का रकबा व क्षेत्रफल घट गया है।**

सन 1938 मे भाटापारा क्षेत्र मे पडे भीषण अकाल के चलते क्षेत्र के तत्कालिन ताहुतदार दाउ कल्याण सिंग ने अपनी प्रजा को भीषण अकाल से मुक्ति दिलाने राहत कार्य के रूप मे लगभग 18 एकड़ भूमि पर कल्याण सागर तालाब का निर्माण कराया था उस वक्त उक्त तालाब मे स्वच्छता का इस कदर पानी उपलब्ध होता था कि लोग उक्त जल से स्नान ध्यान के अलावा अन्य उपयोग भी करते थे लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे प्रशासनिक लापरवाही की वजह से कल्याण सागर तालाब तट मे इस कदर अवैध कब्जा गंदगी का वातावरण पनपने लगा कि आज लगभग 86 वर्ष बाद कल्याण सागर तालाब अपना अस्तित्व बचाने संघर्ष कर रहा है तालाब के चारो तरफ नीचे उपर तक अवैध कब्जे से सैकड़ो घर द्वार मकान दुकान बन जाने से तालाब का अस्तित्व खतरे मे पड़ गया है अवैध कब्जे से बसे तालाब के चारो तरफ के घरो से निकलने वाले मल मूत्र का पानी व कचरा राखड़ सब सीधे तालाब मे प्रवाहित किये जाने से



कल्याण सागर तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो गया है। वर्तमान मे उक्त तालाब मे चारो तरफ काई गंदगी कूड़ा करकट के अलावा जलकुंभी के फ ैल जाने से असहनीय बदबू कल्याण सागर तालाब के जल से उठ रहा है वहीं इसके चारो तरफ रोजाना अवैध कब्जे से विभिन्न निर्माण कार्य होने से तालाब सिकुड़ता जा रहा है। इस महत्वपूर्ण तालाब को सरोवर हमारी धरोहर मानकर संरक्षित किये जाने की दरकार है क्योकि संपूर्ण शहर के लोग इस तालाब मे किसी भी महिला पुरूष या अन्य व्यक्ति के निधन के पश्चात उनका दाह संस्कार व मौत मिटटी करने के बाद स्नान करने लगातार मृत्यु दिवस से दशगात्र तक के क्रियाकर्म करने कल्याण सागर तालाब तट पर पहुंचते है लेकिन यहां की अव्यवस्था से वे भी निराश हो जाते है फ लस्वरूप मजबूरी वश उन्हे सारे क्रियाकर्म गंदगी पूर्ण माहौल मे निपटाना पड़ता है जबकि उक्त महत्वपूर्ण कार्य को देखते हुये संपूर्ण कल्याण सागर तालाब से अवैध कब्जा व अन्य निर्माण कार्य को हटाकर वहां पर चारो तरफ पौधा रोपण किये जाने की जरूरत है। अरसे पहले टेंहका भांठा पंचशील नगर मे बनाये गये 450 मकान मे कल्याण सागर तालाब के अवैध कब्जाधारियो को शिफ्ट करने व कल्याण सागर को अतिक्रमण मुक्त करने का विचार बनाया गया था लेकिन टेंहका भांठा पंचशील नगर के 450 मकान मे बाहरी लोगो का पूरी तरह कब्जा हो गया और कल्याण सागर के संबंध मे कोई रचनात्मक व ठोस पहल प्रशासन द्वारा नहीं किये जाने से तालाब जहां अपने अस्तित्व बचाने के लिये संघर्ष कर रहा है वहीं टेंहका भांठा पंचशील नगर 450 मकान भी अवैध कब्जाधारियो के चंगुल मे फं स गया है वहां पर एक ही व्यक्तियो के अनेक मकानो पर कब्जा है वहीं अनेक बाहरी लोग भी अनेक मकानो मे ताला लगाकर कब्जा करके बैठे है जनहित मे कल्याण सागर तालाब को संरक्षित संवर्धित करते हुये दाउ कल्याण सिंग के बहुमूल्य धरोहर को बचाने प्रशासन व शासन ठोस पहल करें ताकि कल्याण सागर तालाब मे लोगों को निस्तारी सुविधा का लाभ पूर्व की तरह स्वच्छ रूप से प्राप्त हो सके।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in